www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 5 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-07 अंक-344 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

रास्ते कभी बंद नही होते, अक्सर लोग हिम्मत हार जाते हैं..!!

आज बेबाक

कर्ज लेकर घी पीने वालों का क्या अंजाम होता है, यह पड़ौसी देश श्रीलंका के बद से बदतर होते हालात को देखकर आसानी से समझा जा सकता है। गले तक कर्ज में डूबे श्रीलंका में महंगाई ने ऐसी ऊंची उड़ान भरी है कि वहां के संपन्न तबके के सामने भी भूखों मरने की नौबत आ गई है। बाजार से आवश्यक वस्तुएं गायब होती जा रही है। पैसे है पर सामान नहीं है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और बिजली की ऐसी किल्लत मची है कि लोग त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे है। चादर से बाहर पैर फैलाने वालों का यही हश्र होता है।

सूर्योदय

उदय : 6:07 प्रात:

अस्त : 6:41 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,938,033,920

भारत: 1,404,262,830

बाजार

सेंसेक्स : 60611.74

निफ्टी: 18053.40

गोल्ड : 52,890 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.77 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	38.3	23.1
बिलासपुर	39.9	23.2
जगदलपुर	37.0	19.1
अंबिकापुर	35.4	21.5

आज का दिवस

राष्ट्रीय समुद्री दिवस : भारत में हर साल 5 अप्रैल को राष्ट्रीय समुद्री दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हर साल अंतर-महाद्वीपीय वाणिज्य और वैश्विक अर्थव्यवस्था को दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने में माल के परिवहन के लिए सबसे अच्छी तरह से संगठित, सुरक्षित और ध्वनि के रूप में पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी दृष्टिकोण के समर्थन में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्रीय समुद्री दिवस पहली बार 5 अप्रैल, 1964 को मनाया गया था। पहली बार 5 अप्रैल, 1919 के दिन सिंधिया स्टीम नेविगेशन कंपनी लि. का पहला स्टीम शिप 'एसएस लॉयल्टी' मुंबई से लंदन की पहली समुद्री यात्रा के लिए अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में उतारा गया था। इस दिन भारतीय समुद्री क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को वरुण पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

छत्तीसगढ़ मॉडल ने देश में फिर लहराया परचम

सबसे कम बेरोजगारी दर में छग अव्वल, योजनाओं को श्रेय दे रही सरकार

रायपुर। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट छत्तीसगढ़ सरकार को राहत देने वाला है। सीएमआईई द्वारा बेरोजगारी के नए आंकड़ों के अनुसार मार्च में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 0.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ देश में पहले नंबर पर है।

सुराजी गांव योजना से आ रहा बदलाव

छत्तीसगढ़ में गांवों के आर्थिक रूप से मजबूत करने सुराजी गांव योजना, नरवा-गरवा-घुरवा-बारी कार्यक्रम, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, रूरल इंडस्ट्रीयल पार्कों की स्थापना, लघु वनोपजों के संग्रहण एवं वैल्यू एडीशन, उद्यमिता विकास के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार चलाई जा रही इन योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर बने हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक देश में बेरोजगारी दर 7.5 प्रतिशत है। शहरी बेरोजगारी दर 8.5 प्रतिशत और ग्रामीण बेरोजगारी 7.1 प्रतिशत है।

सीएम भूपेश बघेल के विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल ने पूरे देश में सफलता का परचम लहराया है। आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ 0.6% के साथ देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में पहले नंबर पर है। राज्य शासन के बेहतर कार्य प्रबंधन से युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, जिससे बेरोजगारी दर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर जोर

वैश्विक महामारी कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान भी आर्थिक मंदी से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था अछूती रही। उस समय भी छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर पूरी तरह नियंत्रित रही। नए आंकड़ों के मुताबिक छत्तीसगढ़ 0.6 प्रतिशत के साथ सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। छत्तीसगढ़ में आने वाले 5 वर्षों में 12 से 15 लाख रोजगार के नये अवसर तैयार करने रोजगार मिशन का संचालन किया जा रहा है।

राजधानी में 12 लाख की डकैती

पति-पत्नि को बंधक बनाकर नकदी और गहने ले गए डकैत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक परिवार को बंधक बनाकर डकैती कर ली गई। सोमवार को अलसुबह 3 बजे 6-7 की संख्या में नकाबपोश घर में दाखिल हुए और परिवार को हथियार व डंडे की नोंक पर बंधक बना लिया। बदमाश आलमारी में रखे नकदी और गहने अपने साथ ले गए। डकैती की घटना दवा कारोबारी के घर पर हुई है। ज्वेलरी व नकदी मिलाकर 10 लाख रुपये से ज्यादा की डकैती बताई जा रही है। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार दवा कारोबारी दिनेश कुमार साहू के घर डकैती हुई है। वह रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के देवपुरी सांई वाटिका कॉलोनी में अपने पत्नी और एक बेटे के साथ रहते हैं। रविवार-सोमवार की रात तीन बजे दवा कारोबारी के मकान में 6 से 7 की संख्या में नकाबपोश घुस आए। बदमाशों ने दिनेश साहू और उसकी पत्नी को बंधक बनाकर घर के आलमारी में रखे आभूषण और नकदी लेकर चले गए। पीड़ित ने टिकरापारा थाना में इसकी सूचना दी, जिसके बाद एसएसपी रायपुर प्रशांत अग्रवाल, एएसपी क्राइम अभिषेक माहेश्वरी, एएसपी रायपुर आकाश राव गिरिपुंजे घटना स्थल पहुंचे।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस टीम

रायपुर की टिकरापारा थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने डकैती की घटना में सुराग तलाशने डॉग स्काड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की भी मदद ली। डकैती हुए सामानों में नए-पुराने जेवर और नकद रकम है। 12 लाख से ज्यादा की डकैती बताई जा रही है। पीड़ित दिनेश कुमार साहू मेडिकल सामानों का सप्लायर है। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि देवपुरी सांई वाटिका कॉलोनी में दवा कारोबारी के घर डकैती की घटना हुई है। 6 से 7 की संख्या में लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

डकैती की घटना से दहशत में लोग

अलसुबह राजधानी में हुई डकैती की घटना से लोगों में दहशत है। सांई वाटिका कॉलोनी के लोगों की मानें तो क्षेत्र में पुलिस की रात्रिकालीन पेट्रोलिंग नहीं होती। घर में सोते समय अचानक दरवाजा तोड़कर कोई भी घुस आए तो परिस्थिति से निपटना बड़ी चुनौती है। राजधानी में लूट की वारदात ने पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी थी। राजधानी में अपराध की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है वहीं अपराधियों के हौसले भी बुलंद हैं। पुलिस की सख्ती का असर शायद अपराधियों पर नहीं दिख रहा है। बहरहाल, पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

महंगाई को लेकर राज्यसभा में भारी हंगामा

नयी दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस समेत प्रमुख विपक्षी दलों के सदस्यों ने महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि को लेकर भारी हंगामा किया जिसके कारण शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो सका तथा सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। पहले स्थगन के बाद 12 बजे पीठासीन अधिकारी डा. सस्मित पात्रा ने सदन में प्रश्नकाल शुरु करने के लिए संबंधित सदस्य का नाम पुकारा तो कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करने लगे और अपने सीटों पर खड़े हो गये। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य नारे लगाते हुए सभापति के आसन के समक्ष आ गये। श्री पात्रा ने कहा कि यह महत्वपूर्ण समय है और महत्वपूर्ण कामकाज चल रहा है। सदस्यों को अपने स्थानों पर लौट जाना चाहिए लेकिन विपक्षी सदस्य शोरगुल करते रहे। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से शांत होने और प्रश्नकाल चलने देने की बार बार अपील लेकिन उन पर इसका कोई असर नहीं हुआ। स्थिति को देखते हुए उन्होंने 12 बजे कर चार मिनट पर सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी।

नहीं हुआ शून्यकाल और प्रश्नकाल

मंदिर में दूल्हे की हो गई पिटाई पहली पत्नी ने ही जमकर धोया

■ जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का मामला, दूसरा विवाह रचा रहा था पति

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। मंदिर में शादी समारोह के दौरान दूल्हे की जमकर पिटाई हो गई। पति की धुनाई करने वाला कोई और नहीं, बल्कि पत्नी ही थी। दरअसल, दूल्हा अपनी पहली पत्नी को मायके में छोड़कर मंदिर में दूसरा ब्याह रचा रहा था। इसकी जानकारी पत्नी को लगी तो वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गई। इसके बाद मंदिर में शादी कार्यक्रम की जगह महाभारत छिड़ गई। मामला छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले का है। मंदिर में लात घूसे चलने की खबर पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पहले तो दोनों पक्षों को समझाइश दी गई, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। हालांकि बाद में पहली पत्नी ने पति व ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करा दी। यह पूरा मामला शिवरीनारायण स्थित बड़े मठ मंदिर का है। मिली जानकारी के अनुसार यहां बलौदाबाजार निवासी सोम प्रकाश नारायण जायसवाल की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 साल पहले हुई थी शादी

दूल्हे से मारपीट करने वाली महिला बिर्रा क्षेत्र की दामिनी जायसवाल है। उसकी शादी 7 मई 2017 को सोम प्रकाश से सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि एक सप्ताह के बाद ही ससुराल वालों ने 2 लाख रुपए और बाइक को लेकर दामिनी को परेशान करना शुरू कर दिया। महीने भर बाद ही उससे मारपीट करने लगे। इस बीच 15 जुलाई 2017 को दामिनी की आईटीआई की परीक्षा थी। इसके लिए दामिनी को ससुर लेख राम जायसवाल उसके मायके छोड़ने आए, लेकिन जाते-जाते उन्होंने हिदायत भी दी कि जब तक 2 लाख रुपए और बाइक का इंतजाम न हो जाए, वह ससुराल न आए। दामिनी की परीक्षा खत्म हो गई। वह ससुराल जाने का इंतजार करने लगी, लेकिन उसे लेने वहां से कोई नहीं आया। हालांकि रुपए और बाइक लेकर आने का संदेश जरूर आता रहा।

सामाजिक बैठक में भी नहीं निकला हल

जानकारी के मुताबिक, दामिनी के परिजनों ने 10 जून 2018 को सामाजिक बैठक बुलाई। इसमें दामिनी के ससुराल वालों के व्यवहार पर आपत्ति दर्ज की गई। दामिनी को ससम्मान ले जाने का निर्णय हुआ, लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। इस बीच 28 अक्टूबर 2020 को महासभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इमरान खान बने रहेंगे पाक के 'कप्तान'

राष्ट्रपति का आदेश- जल्द चुना जाएगा कार्यवाहक पीएम

इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा सोमवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, इमरान खान एक कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि मौजूदा प्रधानमंत्री कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति तक पद पर बने रहेंगे। राष्ट्रपति ने ट्विटर पर कहा, 'इमरान अहमद खान नियाजी, इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 224 ए (4) के तहत कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति तक प्रधानमंत्री के रूप में बने रहेंगे।'

पाकिस्तान के एआरवाई न्यूज के मुताबिक, इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने कार्यवाहक पीएम पद के लिए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को दो नाम भेजे हैं। ये जानकारी मंत्री फवाद चौधरी ने दी। उन्होंने कहा कि अगर संयुक्त विपक्ष ने 7 दिनों के भीतर नामों को अंतिम रूप नहीं दिया, तो पीटीआई द्वारा सुझाए गए नामों में से शीर्ष उम्मीदवार कार्यवाहक पीएम बन जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

अब पाकिस्तान का उच्चतम न्यायालय प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नेशनल असेंबली में लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज किए जाने और खान की सिफारिश पर सदन भंग करने को राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी दिए जाने के मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा। इससे एक दिन पहले शीर्ष न्यायालय ने देश में मौजूदा राजनीतिक हालात पर स्वत: संज्ञान लिया था।

पाकिस्तान, चीन में बने हथियार और बारुद बरामद

जम्मू (वार्ता)। जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के समीप सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान और चीन में बने हथियार और गोला बारूद बरामद किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना और पुलिस ने पुंछ जिले में हवेली क्षेत्र के नूर कोटे गांव में संयुक्त तलाश अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। तलाश के दौरान दो एके-47 राइफल, दो एके-47 मैगजीन, एक .223 बोर की पाकिस्तान निर्मित एके शेप गन हैंडग्रिप, दो मैगजीन .233 एके शेप गन तथा चार चाइनीज पिस्तौल बरामद किये गये।

बीजेपी दफ्तर में कार्यकर्ता से यौन उत्पीड़न रायगढ़ जिला भाजपाध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज

रायपुर-रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ के बीजेपी दफ्तर में यौन उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यौन उत्पीड़न का आरोप पार्टी के जिलाध्यक्ष पर ही लगा है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। इसकी पुष्टि रायगढ़ एएसपी लखने पटले ने की है। दरअसल पीड़िता बीजेपी की एक महिला कार्यकर्ता है। उसने आरोप लगाया है कि बीजेपी जिलाध्यक्ष व आरोपी उमेश अग्रवाल पार्टी के जिला मुख्यालय कार्यालय में बुलाकर यौन उत्पीड़न किया। जिसके बाद पीड़िता ने 4 दिन पहले

कोतवाली में लिखित शिकायत की। शिकायत की जांच पर ही कोतवाली पुलिस ने आज भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल पर भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 354 के तहत केस दर्ज किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहुंच का दिया धौंस

पीड़िता का आरोप है कि इस घटना की जानकारी बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं को दी। इसके बाद रायगढ़ जिला भाजपा महिला की दो तीन सदस्य उसके घर के पास आकर उससे कहा कि बीजेपी जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल बहुत पहुंच वाला है। उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता और चुप रहने की नसीहत दी। इसके दो दिन महिला कार्यकर्ता को उसके निजी कार्यालय में लेकर गए। जहां कुछ बीजेपी के पुरूष व महिला कार्यकर्ताओं के साथ कुछ तथाकथित पत्रकार भी वहां उपस्थित थे। पीड़िता को यहां ऊंची आवाज में बात करते हुए डराया धमकाया गया। इससे कुछ महीने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पैसे फेंक कर चली गई घर

पीड़िता का आरोप है कि 2 जून 2021 की सुबह करीब 11 बजे पार्टी कार्यालय पहुंची और जिलाध्यक्ष के कक्ष में जाकर मिली। इस दौरान उसने अपनी स्थिति से अवगत कराते हुए कुछ काम दिलवाने की बात कही तो आरोपी उमेश अग्रवाल द्वारा 5 हजार रुपए देकर इसके बदले प्यार मांगा और गंदी हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। जिससे पीड़िता पैसे को फेंक कर अपने घर चली गई।

गरमा-गरम

फैसले की घड़ी... **याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार**

चारा घोटाला: लालू प्रसाद यादव की जमानत को चुनौती

नई दिल्ली। चारा घोटाले से जुड़े मामले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने जा रही है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट के जमानत के आदेश को चुनौती दे रही राज्य सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल नेता को दुमका और चाईबासा कोषागार मामले में जमानत दे दी थी। यादव दिसंबर 2017 से ही जेल में हैं।

दुमका कोषागार मामले में झारखंड हाईकोर्ट के 17 अप्रैल 2021 और चाईबासा कोषागार मामले में 9 अक्टूबर 2020 के आदेश के संबंध में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। जस्टिस एल नागेश्वर राव और बीआर गवई की बेंच ने याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति जाहिर की। खबर है कि मामले में चार हफ्तों के बाद सुनवाई हो सकती है।

दुमका कोषागार मामला: 17 अप्रैल 2021 को झारखंड उच्च न्यायालय ने दुमका कोषागार से धोखाधड़ी से 3.13 करोड़ रुपये की निकासी से जुड़े मामले में जमानत दे दी थी। कोर्ट ने कहा कि प्रसाद जेल की आधी सजा काट चुके हैं।

चाईबासा कोषागार मामला: 9 अक्टूबर 2020 में चाईबासा कोषागार मामले में यादव को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लखीमपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट का आशीष की जमानत रद्द करने की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र एवं लखीमपुर खीरी हिंसा मामले मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मिली जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर सोमवार को फैसला सुरक्षित रखा। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना और न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति रमना ने उत्तर प्रदेश सरकार और मृतक किसानों के परिजनों की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम इस पर फैसला सुनाएंगे। राज्य सरकार का पक्ष रख रहे वकील महेश जेठमलानी ने पीठ के समक्ष दलील देते हुए कहा कि मामले से संबंधित गवाहों को पूरी सुरक्षा प्रदान की जा रही है, किसी को कोई खतरा नहीं है।

फूड प्रोसेसिंग की दिशा में मजबूती से कदम आगे बढ़ा रही महिलाएं

- साबुन और अगरबत्ती निर्माण कार्य भी संचालित, सी मार्ट एवं स्थानीय बाजारों में बेचेंगी उत्पात
- जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में किया जा रहा हरसंभव कार्य

समूह कर रहे खाद्य तेल, पंचरत्न आटा, मसाले आदि का निर्माण और पैकेजिंग

कोरिया/नवप्रदेश । कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम सलका स्थित गौठान में स्वसहायता समूह की महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपने कदम मजबूती से बढ़ा रही हैं। शासन की मंशा के अनुसार स्वसहायता समूह की महिलाओं को अपने गांव में ही आजीविका संवर्धन का साधन मिला है। गौठान सलका में स्व सहायता समूह की महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण के अंतर्गत सरसों, तिल और मूंगफली के तेल प्रसंस्करण, पंचरत्न आटा, विभिन्न प्रकार के मसाले निर्माण के साथ ही साबुन और अगरबत्ती का निर्माण कार्य भी कर रही हैं। गौठान में महिला समूह द्वारा मशरूम उत्पादन भी किया जा रहा है।

विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम सलका गौठान में कृष्णा महिला स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं ने खाद्य तेल के प्रसंस्करण का कार्य शुरू किया है।समूह की अध्यक्ष राजकुमारी ने बताया कि महिलाओं को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के सहयोग से खाद्य तेल निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से तेलघानी मशीन दिया गया है, उत्पादन के लिए सरसों बीज स्थानीय बाजारों से खरीदा जा रहा है। मशीन द्वारा सरसों बीज से तेल निर्माण का कार्य किया जा रहा है, तत्पश्चात तेल को छान कर पैकिंग कर बेचने के लिए तैयार किया गया है। राजकुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद मात्र 2 दिनों में ही समूह के द्वारा 11 लीटर तेल बनाया गया है। साथ ही तिल और मूंगफली तेल प्रसंस्करण का काम भी लगातार जारी है। निर्मित तेल को सीमार्ट व स्थानीय बाजारों में विक्रय के लिए रखा जाएगा, वहीं महिलाओं द्वारा तेल की ब्रांडिंग एवं अन्य मार्केटिंग की योजना भी बनायी जा रही है।

इसी तरह गौठान में सखी महिला समूह के द्वारा मिनी राइस मिल का संचालन किया जा रहा है। जिससे चावल, गेंहू और पंचरत्न आटा, मिर्च पाउडर, गरम मसाले आदि तैयार किये जा रहे हैं। गणेश महिला समूह द्वारा साबुन निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे समूह की महिलाएं अब तक 25 हज़ार से ज्यादा की कमाई कर चुकी हैं। कृष्णा समूह की ही महिलाएं अगरबत्ती निर्माण का काम भी गौठान में कर रही हैं। इंद्रा महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं मशरूम उत्पादन की आजीविका से जुड़कर सफलता की ओर आगे बढ़ रही हैं।

मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय निर्माण के लिए एनटीपीसी ने कलेक्टर रायगढ़ को 1 करोड़ की राशि प्रदान की

रायगढ़/नवप्रदेश। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना एक जिम्मेदार कारपोरेट नागरिक है जो व्यवसाय को जिम्मेदारी से करने तथा समुदाय के विकास में योगदान करने का निरंतर प्रयास करता रहा हैं ।

एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र विशेषकर प्रभावित क्षेत्र मे शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, स्वच्छता, पेयजल, सुविधाओ मे सुधार, महिला सशक्तिकरण तथा आधारभूत संरचना के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील हैं साथ ही जन सामान्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता फैलाने के लिए भी अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है।

इसी प्रयास के तहत एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा जिला रायगढ़ के 15 स्थानो मे मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय निर्माण के लिए जिला कलेक्टर रायगढ़ को श्री सूर्यकान्त राय, व्यापार इकाई प्रमुख एनटीपीसी तलईपल्ली द्वारा 1 करोड़ की राशि प्रदाय की गई ।

धोखाधड़ी से बचने पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक, बचने के बताए तरीके

- पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर, समस्या होने पर कराए तत्काल अवगत : गोस्वामी

दतिमा मोड़/नवप्रदेश । पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने हेतु ग्रामों-बाजारों में चलित थाना लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौड़ व सीएसपी जे.पी भारतेंदु के मार्गदर्शन में रविवार खरसुरा बाजार में चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी के द्वारा चलित थाना का आयोजन किया गया।

चलित थाना में पुलिस ने ग्रामीणों को कानून, साइबर क्राइम, वर्तमान में हो रहे धोखाधडी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी। चलित थाना में ग्रामीणों की ओर से पुलिस विभाग से संबंधित कोई भी शिकायत अथवा समस्या नहीं होना बताई गई। चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी के द्वारा चलित थाने में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। प्रभारी श्री गोस्वामी ने वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। यातायात नियम, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों, विधिक जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है, किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा तैयार किए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में मौजूद महिलाओं-पुरूष को अवगत कराया। इस दौरान प्रधान आरक्षक पिंगल मिंज आरक्षक राजू तिवारी, मनमोहन विश्वकर्मा, इमरान खान, सत्यनारायण सिंह, वाहिद हुसैन, दीपक किस्पोट्टा व अन्य स्टाप मौजूद थे।

गौठानों के जरिए अब बकरी पालन करेंगी स्व सहायता की महिलाएं

कोरिया/नवप्रदेश । जिले के गौठानो को ग्रामीण औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने के उदेश्य से बकरी शेड का निर्माण किया गया है। जिसमें महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बकरी-बकरा पालन का कार्य किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि स्थानीय क्रेता और विक्रेता के आजीविका संवर्धन को ध्यान में रखते हुए गौठानों में निर्मित 89 बकरी शेड के लिए लगभग 5000 नग बकरी-बकरों का स्व-सहायता समूहों द्वारा खरीदी और बिक्री किया जाना है। इसके लिए दिनांक 06 अप्रैल 2022 को प्रातः 10 बजे से क्लस्टर स्तरीय बकरी, बकरा क्रय-विक्रय हाट बाजार आयोजन किया जायेगा।

उन्होंनें बताया कि विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के कलस्टर बड़गांव में ग्राम नरकेली गौठान में हाट का आयोजन किया जाएगा। कलस्टर नगर के ग्राम जुनापारा, कलस्टर बुडार के ग्राम सरभोका, कलस्टर पटना के ग्राम महोरा में हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह विकासखण्ड खड़गवां के कलस्टर बरदर के ग्राम बरदर, कलस्टर दुग्गी के ग्राम दुबछोला, कलस्टर पोंडी के ग्राम बचरा पोंडी, कलस्टर देवाडाड के ग्राम कटकोना, विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के कलस्टर नागपुर के ग्राम बरबसपुर, कलस्टर केल्हारी के ग्राम केल्हारी, कलस्टर चौनपुर के ग्राम बंजी, कलस्टर घुटरा के ग्राम बिहारपुर, विकासखण्ड सोनहत के कलस्टर कठगोड़ी के ग्राम घुघरा, कलस्टर सोनहत के ग्राम केशगवां, कलस्टर भैंसवार के ग्राम रजौली, कलस्टर रामगढ़ के ग्राम रामगढ़ और विकासखण्ड भरतपुर के कलस्टर बहराशी के ग्राम बहरासी, कलस्टर भरतपुर के ग्राम जनकपुर, कलस्टर माड़ीसरई के ग्राम देवगढ़ और कलस्टर कोटाडोल के ग्राम कोटाडोल गौठान में हाट बाजार का आयोजन किया जायेगा। सभी कलस्टर स्तरीय बकरी, बकरा क्रय-विक्रय हाट बाजार आयोजन हेतु संबंधित कलस्टर की पीआरपी नोडल होगें।

उन्होंनें बताया कि विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक बीपीएम एवं यंग प्रोफेसनल को कलस्टर स्तरीय बकरी, बकरा क्रय-विक्रय हाट बाजार आयोजन कराये जाने हेतु ब्लाक नोडल नियुक्त गया है जो इन हाट बाजारों का आयोजन सुनिश्चित करेगें।

गौर पूजा के बाद आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

मुंगेली/नवप्रदेश । राजस्थान के सबसे बड़े उत्सव गणगौर पूजा इन दिनों विधि विधान से किया जा रहा है। मारवाड़ी समुदाय के द्वारा 16 दिन तक शिव पार्वती की आराधना कर सुखी वैवाहिक जीवन का आशीष मागा जाता है खासकर नवविवाहिता एवं युवतियां माता पार्वती से सौभाग्य मांगती है। मारवाड़ी महिला शाखा द्वारा समाज के रामदेवबाबा मंदिर में गणगौर की गोट एवं पूजन का पारंपरिक उत्सव बड़े ही उल्लास व भक्तिमय वातावरण में समाज की महिलाओ की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ, जिसमे बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने उपस्थित होकर भगवान शंकर व मां पार्वती के स्वरूप गणगौर माता का राजस्थानी लोक गीत गाकर किया गणगौर का यह सोलह दिवसीय पर्व राजस्थान में सबसे बड़े त्योहार के रूप में मनाया जाता है जो होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होता है जिसमे कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर एवं विवाहिता महिलाएं सुखी दांपत्य जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना करती है और सोलह दिनों तक घर में जंवारा रख समूह बना कर ईशर व गौराजी का पूजन करती है तत्पश्चात गोट के रूप में गणगौर माता को भोग लगा एवं जल पिलाकर आपस में प्रसाद ग्रहण करती हैं। नगर मे समाज के धरो मे पूजा पाठ के बाद दो दिवसीय पूजा रामदेव मंदिर मे किया जा रहा है। आज शाम मे भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर नदी मे विसर्जित की जावेगी।

भारतीय नववर्ष के शुभारम्भ पर भगवामय हुआ शहर, निकाली शोभायात्रा

मुंगेली/नवप्रदेश । भारतीय नववर्ष के शुभारम्भ पर नगर में सर्व हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे गाजे के साथ निकली शोभायात्रा में झांकी के साथ युवा अपने उत्साह का प्रर्दशन करते रहे। शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर जोश-खरोश के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सभी हिन्दू सामाजिक संगठनों एवं उनके नेता शामिल रहे।

हिंदू नववर्ष के अवसर शहर के प्रमुख चैक-चैराहों तोरण एवं भगवाध्वज से सजाया गया है। बच्चे एवं युवा वर्ग पिछले 4-5 दिनों से तोरण से गली मोहल्लों में भगवाध्वज एवं तोरण लगाने के कार्य में जुटे रहे। सर्व हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वधान में हिन्दु नववर्ष व नवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर में झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सभी समाज के लोगो ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में युवा अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते रहे। युवतियां जुलूस में डीजे की धुन में थिरकते रहे। शोभायात्रा का प्रारंभ विश्रामगृह मैदान से दाऊपारा चैक, पुलपारा, बड़ा बजार होते हुए नंदी चैक, सिंधी कालोनी चैक, नया बस स्टैंड, पड़ाव चैक, बालानी चैक, सदर बाजार, मेन रोड, पुराना बस स्टैंड होते हुए रेस्ट हाउस में शोभायात्रा का समापन हुआ। शहरवासियों ने समरस्ता का संदेश देते हुए जगह-जगह स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा किया। रथ में श्रीराम, सीता व भाई लक्ष्मण के साथ हनुमान जी की झांकी निकाली गई। शहर में जय श्रीराम की धुन पर लोग नाचते हुए निकले। शोभायात्रा के दौरान लोगों ने नवरात्रि पर्व एवं हिन्दु नव वर्ष पर एक दूसरे को बधाई देते हुए गले मिले तथा समरस्ता का संदेश शोभायात्रा के माध्यम से दिया गया। सांसद अरूण साव शोभायात्रा में शामिल होकर उपस्थित लोगों को नववर्ष की बधाई दी।

भूमिस्वामी हक प्रदाय के लिए 7 अप्रैल को मेगा कैंप का आयोजन

रायगढ़/नवप्रदेश। राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत् पट्टाधारियों को भूमिस्वामी हक प्रदाय करने के संबंध में 07 अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में एक दिवसीय शिविर/मेगा कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें पट्टाधारी/ हितग्राही शिविर में ही पट्टे की छायाप्रति व आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं। उक्त शिविर में हितग्राहियों को लोन प्रदाय करने में सहयोग हेतु बैंक के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत प्रदत्त पट्टे की भूमि का वर्तमान कब्जे के आधार पर पटटेदार राज्य शासन से भूमि स्वामी हक प्राप्त करना चाहता है तो वर्तमान गाईड लाईन पर निर्धारित बाजार मूल्य की 20+2त्नराशि देय होगी, यदि पट्टेदार ने अन्य को भूमि अंतरित कर दिया है, तो उक्त कब्जेदार को वर्तमान गाईड लाईन दर पर निर्धारित बाजार मूल्य के 40+2त्नराशि जमा करना होगा।

शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजली

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर 03 अप्रैल 2021 के दिन पुलिस और माओवादियों के बीच थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत टेकुलगुड़ेम के जंगलों में हुए मुठभेढ़ में डीआरजी 08, एसटीएफ 06, कोबरा 07 एवं बस्तर बटालियन का 01 जवान शहीद हुए थे। शहीद जवानों की स्मृति में 03 अप्रैल 2022 को रक्षित केन्द्र स्थित शहीद परेड ग्राउण्ड में श्रद्धांजली सभा में शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की गई।

श्रद्धांजली सभा में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ पंकज शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक आशिष कुजांम, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, तुलसी लेकाम, रक्षित निरीक्षक सतीश ध्रुवे, रक्षित निरीक्षक संजय सूर्यवंशी, डीआरजी के अधिकारी कर्मचारी एवं शहीद के परिजन शामिल हुए।

अम्बेडकर जयंती को लेकर हुई बैठक

बीजापुर/नवप्रदेश । सर्व समाज बीजापुर ने डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति गठन किया गया जिसमें संरक्षक बी आर नरवरिया, लक्षण झाडी,जे कुस्तुड, अध्यक्ष गोंडवाना समाज के कामेश्वर दुब्बा ,उपाध्यक्ष आदिनारायण, उपाध्यक्ष अयूब खान,उपाध्यक्ष रामकुमार दुर्गम,उपाध्याय मनोज कुमार कावेटी, पुजारी,सचिव मनीष सोनवानी, सहसचिव कैलाश रामटेके कोषाध्यक्ष तारकेश्वर पैकरा ,उपकोषाध्यक्ष राकेश गिरी को आयोजन समिति के पदाधिकारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर में वृहद रैली निकल कर किया जाएगा तत्पश्चात बाबा आहेबअंबेडकर के प्रतिमा पर माल्याअर्पण कर रैली आमसभा में तब्दील होगा आमसभा में बाबा साहेब के जीवनी पर उद्धबोधन वक्ताओं के द्वारा दिया जाएगा एवं शाम को एक शाम बाबा साहेब के नाम का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा जिसमे आगाज आर्केस्ट्रा बीजापुर की प्रस्तुति होगी। ज्ञात हो कि पिछले कुछ वर्षो से कोरोना महामारी के कारण अम्बेडकर जयंती नही मना पाए इस वर्ष समस्त समाज बीजापुर मिलकर बड़े धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है।

जिसमे मुख्यता गोंडवाना समाज , हल्बा समाज , मुस्लिम समाज, महार समाज , कवर समाज ,मरार समाज,सतनामी समाज एवं अन्य समाज के प्रतिनिधि मौजुत थे। पूरे कार्यक्रम में किशोर कुमार रामटेके टेंट हाउस की ओर से निशुल्क टेंट की व्यवस्ता कि जाएगी। बैठक में मुख्यता बी आर नरवरिया ,आर डी झाडी ,सतीश झाडी ,मधुसूदन मोरला ,योगेश दुर्गम,बी झाडी,कामेश्वर दुब्बा, कुस्तुड जुमड़े,प्रकाश कवरे, जुम्मक चिलमुल , जितेंद्र कावरे,अजय दुर्गम , कैलाश रामटेके ,रामा ताती ,सोनू पुनेम,तिरुपति लिंगम,रिंकू जुमार, बी जुम्मक बसंत मामडीकर एवं समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

नुक्कड़ नाटक कर एनसीसी कैडेट्स लोगों को दे रहे स्वच्छता का संदेश

- डिग्री कॉलेज की एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. शारदा घोघरे के मार्गदर्शन में चल रहा अभियान
- स्वच्छ रायगढ़ की परिकल्पना साकार करने लोगों को समझा रहे स्वच्छता का महत्व

रायगढ/नवप्रदेश। जिले के अग्रणी महाविद्यालय किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व वार्डो में स्वच्छता आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

28वीं छत्तीसगढ़ बटालियन के कर्नल विनय मल्होत्रा तथा लेफ्टिनेंट कर्नल संतोष रावत के आदेशानुसार तथा महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन एवं लेफ्टिनेंट डॉ. शारदा घोघरे के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स लोगों को स्वच्छता प्रति जागरूक करने अभियान चला रहे हैं। इसकी शुरुआत 2 अप्रैल से हुई, जो 16 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स अलग-अलग चौक-चौराहों व वार्डो में नुक्कड नाटक कर लोगों को हरे व नीले डस्टबिन कूड़ा डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ताकि रायगढ़ जिला सुग्घर रायगढ़ जिले में परिवर्तित हो सके। साथ ही एनसीसी कैडेट्स लोगों को स्वच्छता की शपथ दिला रहे हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वे रायगढ़ वासियों को स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं ताकि स्वस्थ एवं स्वच्छ रायगढ़ का सपना साकार हो सके । साथ ही पर्यावरण संरक्षण तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के विभिन्न उपाय तथा सूखे एवं गीले कचरे के उचित प्रबंधन के फायदों से भी अवगत करा रहे हैं ।

जनभागीदारी से ही होगा स्वच्छ भारत का सपना साकार

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से रायगढ़ वासी जुड़ सके, इसके लिए एनसीसी कैडेट्स सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं किसी भी कार्य की सफलता जन सहयोग पर आधारित होती है। जब तक रायगढ़ का प्रत्येक वासी स्वच्छता मिशन से नहीं जुड़ेगा, तब तक प्रशासन कितने भी उपाय क्यों न कर लें, स्वास्थ्य एवं स्वच्छ भारत का सपना साकार नहीं हो सकता।

घोषणा पत्र में जिला बनाने का वादा करना आचार संहिता का खुला उल्लंघन : बृजमोहन

रायपुर/खैरागढ़/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने खैरागढ़ उप चुनाव में आज प्रचार के दौरान प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि घोषणा पत्र में खैरागढ़ को जिला बनाने का वादा करना आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। काँग्रेस सरकार में है वह ऐसा नहीं कर सकती है। काँग्रेस सरकार अब ब्लैकमेलिंग पर उतर गई है कि हमें जिताओगे तो जिला बनाएँगे। किसानों के धान का 30 प्रतिशत पैसे पर डाका डालने वाली और खैरागढ़ का विकास अवरुद्ध करने वाली भूपेश सरकार से जनता इस चुनाव में बदला लेगी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि हार के डर से भूपेश सरकार को उप-चुनाव में खैरागढ़ को जिला बनाने की याद आ रही है पिछले साढ़े तीन साल में उन्होंने जिला क्यों नहीं बनाया उन्हें कौन रोका था। असल में खैरागढ़ का प्रतिनिधित्व जोगी काँग्रेस के देवव्रत सिंह जी कर रहे थे इसलिए इस क्षेत्र का न केवल विकास रोक दिया गया बल्कि पिछले दिनों 4 नये जिला बनाने की घोषणा में तक शामिल नहीं किया गया है। काँग्रेस सरकार अपनी बदनीयती के लिए बदनाम हैं। उन्होंने कहा कि छह महीने जिला बनाने की घोषणा हुए हो गये अभी तक किसी तरह का काम नहीं हुआ है। इनके पास रोड़ के गड्ढे भरने तक के पैसे नहीं हैं। ये सरकार जिला क्या बनाएगी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि यह सरकार 2500 रुपय में धान खरीद कर रही है लेकिन पिछले साल की धान खरीद का पैसा किस्तो में 30 प्रतिशत कम पैसा दिया जा रहा है पहले जिनका 22 हजार रुपए आता था आज 17 हजार रुपए आ रहा है। वैसे अगर देखा जाए तो जब काँग्रेस ने 2500 रुपये में धान खरीदी की घोषणा की थी उस समय धान का समर्थन मूल्य 1650 रुपए था आज मूल्य 1980 रुपयए है तो जनता का 350 रुपये का डाका यह सरकार डाल रही है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि 2500 रुपए में धान खरीदी कर इस सरकार ने गरीबों को खरीद लिया है सारे विकास के काम रुक गए है, जितने भी विकास के काम हुए वो भाजपा सरकार ने किया है इस सरकार ने खैरागढ़ में एक भी काम किया हो तो बताएँ।अगर ग्रामों का विकास होता है तो उसका फायदा भी किसानों को मिलता है। स्कूल में किसान का बच्चा पढ़ता है। सड़क पर किसान चलते हैं, सामुदायिक भवन का फायदा भी किसानों को मिलता है। इस सरकार में किसानों को मिलने वाली सभी तरह की सुविधा जैसे स्प्रिंकलर, बीज और खाद में सब्सिडी नहीं मिल रही है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि काँग्रेस ने कहा था कि अगर उनकी सरकार आई तो दारु बंद कर देंगे लेकिन दारु तो बंद नहीं हुई बल्कि अब ऑनलाइन घर-घर दारु पहुंच रही है इसलिए कि काँग्रेसियो को अवैध कमाई करना है। सरकार से जनता चिढ़ी हुई है जो इस चुनाव में बदला लेगी और भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने दाऊ कल्याण सिंह की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। उन्हें किया नमनमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में समाज सेवी और छत्तीसगढ़ के महान दानवीर दाऊ कल्याण सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा भी उपस्थित थे । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में दाऊ कल्याण सिंह दानशीलता के लिए प्रसिद्ध हैं। वे दीन-दुखियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि दाऊ कल्याण सिंह ने रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल के अलावा अनेक अस्पताल, पुस्तकालय, कॉलेज, जलाशय जैसे कई कामों के लिए मुक्त हाथों से कई एकड़ जमीन दान कर दी। इससे समाज के हर वर्ग को आसानी से शिक्षा और चिकित्सा सुविधा देने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि दाऊ जी के पुण्यकर्म हमेशा उनकी याद दिलाते रहेंगे। उनका नाम छत्तीसगढ़ में हमेशा आदर के साथ लिया जाता रहेगा।

विस अध्यक्ष डॉ. महंत ने सचिव दिनेश शर्मा को नये पदीय दायित्व के लिए दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा ने आज पूर्वान्ह विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के कक्ष में उनके समक्ष अपना कार्यभार ग्रहण किया। विधान सभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने उन्हें नये पदीय दायित्व के कुशलतापूर्वक निर्वहन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सचिव श्री दिनेश शर्मा को नये दायित्वों के निर्वहन के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधान सभा सचिव श्री दिनेश शर्मा ने डॉ. महंत को आश्वस्त किया कि वे विधान सभा सचिवालय की गरिमा एवं प्रतिष्ठा में निरंतर अभिवृद्धि हो इस बात हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे। इसके पूर्व विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा ने विधान सभा सचिवालय स्थित अपने नये कक्ष में पूजा-अर्चना कर प्रवेश किया।

पचनी जलाशय के मुख्य नहर के सुधार के लिए 2.86 करोड़ रुपए की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा कोरिया जिले के भरतपुर विकासखण्ड अंतर्गत पचनी जलाशय योजना के मुख्य नहर में 7.50 किलोमीटर तक आवश्यक सुधार एवं सीसी चैनल निर्माण के लिए 2 करोड़ 86 लाख 97 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार अंबिकापुर को प्रदान की गई है। इस जलाशय के नहर सुधार कार्य से इसकी सिंचाई में 247 हेक्टेयर की कमी को दूर करने के साथ ही कुल 397 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जलापूर्ति की जा सकेगी।

नवाडीह जलाशय योजना के नवीनीकरण के लिए 1.03 करोड़ रुपए की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग मंत्रालय छत्तीसगढ़ द्वारा सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत नवाडीह जलाशय योजना का नवीनीकरण कार्य के लिए 1 करोड़ 3 लाख 88 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार अंबिकापुर को प्रदान की गई है। इस जलाशय का कार्य कराए जाने से इसकी सिंचाई में 69 हेक्टेयर की कमी को दूर करने के साथ ही कुल 112 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जलापूर्ति की जा सकेगी।

प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही, मोवा के खुशी ट्रेडर्स को किया सील

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त प्रभात मलिक, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 के अंतर्गतआने वाले विधानसभा मार्ग मोवा क्षेत्र में स्थित खुशी ट्रेडर्स में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही कर पानी पाउच की जप्ती की गयी एवं उक्त दुकान को सील कर दिया गया। जोन स्वास्थ्य अधिकारी प्रवीण साहू के नेतृत्व में जोन क्रमांक 9 के जोन स्वच्छता निरीक्षक महेंद्र कलियारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला तिवारी एवं जोन 9 स्वास्थ्य विभाग के अमले ने उक्त कार्यवाही जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियन्ता हरेन्द्र कुमार साहू के निर्देश पर की।

नशे की प्रवृत्ति को रोकने जनजागरूता व सामूहिक प्रयास होगी जरूरी : प्रमोद दुबे

- स्व सहायता समूह और अर्पण कल्याण समिति का नशे के विरूद्ध युद्ध पर कार्यशाला
- विषय विशेषज्ञों ने बताया नशा से क्या है नुकसान और रोकने के क्या हैं उपाय

रायपुर/नवप्रदेश। कोई चीज कठिन नहीं हैं,बस हौसला चाहिए। नशे को रोकने के लिए जनजागरूकता का अभियान जो शुरू किया है घर,परिवार व समाज से लेकर आगे बढ़ेंगे तो मातृशक्ति में इतनी ताकत है कि हम सबके सामूहिक प्रयास से बड़े से बड़ा नशा करने वाले भाग खड़े होंगे। नशा करना छोड़ देंगे। नशामुक्त शहर बनाने हम आप सब धरातल से मूर्त रूप देने तक प्रयास करें तो कुछ भी असंभव नहीं हैं। वैचारिक रूप से इस पर गहन विमर्श करने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

स्व सहायता समूह और अर्पण कल्याण समिति द्वारा देविका स्टार भवन कुशालपुर चौक में रविवार शाम को आयोजित-नशे के विरूद्ध युद्ध-जनजागरूकता अभियान एवं कार्यशाला में महिला समूह को संबोधित करते हुए रायपुर नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने कहा कि पहले तो आपकी उपस्थिति को प्रणाम करता हूं क्योकि नवरात्रि जैसे धर्म और आस्था से जुड़े पर्व के बीच इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होना मतलब जिस मकसद से हम यहां इकट्ठे हुए जरूर सफल होगा। कौन क्या कर रहा है इस पर हमें नहीं जाना हैं,हम क्या कर सकते हैं इस पर आगे बढना है। नशा एक सामाजिक विकृति हैं इसलिए समाज में ही लेकर इसे जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। शासन की ओर से अपने स्तर पर प्रयास हो रहे हैं,समाज कल्याण विभाग इस मुहिम में हर तरह से मदद कर रही है। नशा को रोकने जनजागरूकता के लिए कई प्रकार के उपाय है जैसे नुक्कड़ नाटक,पुलिस मित्र, वैचारिक विमर्श के लिए कार्यशाला जैसे और भी। मै दावें के साथ कह सकता हूं कि मन में संकल्प शक्ति हो तो कोई भी चीज कठिन नहीं हैं। हम आज ही नहीं आगे भी और बैठक करेंगे।

समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक भूपेन्द्र पांडेय ने अर्पण कल्याण समिति के इस प्रयास की सराहना की। उन्होने कहा कि शासन का भारत माता वाहिनी योजना नशे को रोकने के लिए एक बड़ा अभियान है। ग्रामीण अंचल में ब्लाक स्तर पर चिन्हांकित कर इसका संचालन किया जाता है। हर गांव में दस लोगों का एक समूह होता है,जो यह प्रयास करते हैं कि नशा करने वाले को कैसा रोका जाए या बदलाव लाया जाए। फिर भी यदि 15 दिन के भीतर कोई नशा नहीं छोड़ रहा है तो नशा मुक्ति केन्द्र में लाकर भर्ती कराया जायेगा। इस अभियान में और क्या बेहतर हो सकता है,आज जैसे आयोजनों और आपके विचारों को साझा कर व्यापक रूप दे सकते हैं। इससे पहले अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने नशे के विरूद्ध उनकी संस्था क्या कार्य कर रही है अवगत कराया।

मेडिकल कालेज रायपुर की मनोरोग विशेषज्ञ डा.सुरभि दुबे ने बताया कि नशे को छुड़ाने के लिए मानसिक रूप से भी यह अहसास कराना होगा कि इसके दुष्परिणाम क्या हैं? लेकिन इसे डर-भय नहीं बल्कि सामूहिक प्रयास व समझाईश से संभव किया जा सकता है। संजीवनी कैंसर हास्पिटल रायपुर के डाक्टर अनिकेत ठोके ने बताया कि नशे के कई प्रकार है,नशा एक व्यक्ति करता है लेकिन उसका असर परिवार के सदस्य और समाज पर भी पड़ता है। यदि हम तंबाकू खाने वाले की ही बात करें तो पहले गले,फिर फेफड़े,पेट और अंडकोष तक कैंसर हो सकता है। इसे किसी प्रकार बहाना बनाकर छिपाया नहीं सकता है,उपचार ही निदान है। कम उम्र के स्कूली बच्चों में भी आज नशे की लत हो गई है। नशा न करें और न दूसरों को करने दें। लेकिन आज तो लोग नशे को फैशन मानने लगे हैं।

महापौर ने जनचौपाल में 100 से अधिक लोगों की समस्या सुनी

रायपुर/नवप्रदेश। `नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में निरन्तरता से जनसमस्याओं के निदान हेतु सकारात्मक पहल करते आ रहे हैं. महापौर ने नलघर की पुरानी टंकी के समीप स्थित अपने शासकीय आवास में सुबह 10 से 11.30 बजे तक डेढ़ घंटे की अवधि के लिये जनहित में जनसुविधा हेतु जनचैपाल का नियमित आयोजन प्रारम्भ किया है. उक्त जनचैपाल आयोजन में महापौर श्री एजाज ढेबर स्वयं सप्ताह में सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार को चार दिन जनसमस्याओं एवं मांगों से अवगत होकर उनके त्वरित निदान की दृष्टि से उपलब्ध रहते हैं. महापौर श्री एजाज ढेबर ने आज

जब जनचैपाल लगायी, तो लगभग 100 से अधिक नागरिकों ने उनसे मिलकर उक्त सकारात्मक पहल को लेकर महापौर श्री एजाज ढेबर की जनहितैषी कार्यप्रणाली को एक बार फिर सराहा. आज जनचैपाल में महापौर श्री एजाज ढेबर को लगभग 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मुख्य रूप से अधिकतर लोगों ने महापौर से राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मकान दिलवाने, स्ट्रीट लाईट लगवाने, बिजली मीटर लगवाने, स्कूल में बच्चों को प्रवेश दिलवाने, आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने सहित रोजगार दिलवाने को लेकर मांग महापौर से की. महापौर श्री एजाज ढेबर ने नागरिकों को रोजगार दिलवाने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को अनुरोध पत्र लिखा है. महापौर ने सभी नागरिकों से उनकी समस्त मांगों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं प्रक्रिया के तहत नियमानुसार त्वरित निदान करने के सम्बन्ध में कार्य से सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया महापौर श्री एजाज ढेबर ने कहा कि वे सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार को नियमित रूप से सुबह 10 बजे से 11.30 बजे के मध्य डेढ़ घंटे की अवधि के लिये जनचैपाल में अपने शासकीय आवास पुरानी नलघर पानी टंकी के समीप नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों के रहवासी नागरिकों की जनसमस्याओं एवं मांगों को सुनकर एवं उनसे अवगत होकर सभी मांगों एवं समस्याओं का जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नियमानुसार त्वरित निदान करवाने की दृष्टि से कृतसंकल्पित हैं. कोई भी नागरिक जनचैपाल कार्यक्रम में आकर उनसे सीधे मिलकर उन्हें अपनी मांगों एवं समस्याओं से निर्धारित अवधि के दौरान अवगत करवा सकता है. वे सभी मांगों एवं समस्याओं के शीघ्र त्वरित निदान हेतु जनहित एवं जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सकारात्मक पहल कर आवश्यक कार्यवाही करवाएंगे।

ट्रैफिक पुलिस और पेट्रोलिंग पार्टी की सजगता से नहीं होती है जाम की स्थिति

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड के आस-पास के क्षेत्र में टैऊफिक्र पुलिस और पेट्रोलिंग पार्टी की लगातार गश्त के कारण अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड आने-जाने में लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नही करना पड़ रहा है। भाठागांव क्षेत्र में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड और आस-पास के ट्रैफिक्र के दबाव को व्यवस्थित करने में ट्रैफिक्र पुलिस के जवान लगातार कार्य कर रहे हैं।

रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के अनुसार बस स्टैंड प्रारंभ होने के माह नवंबर 2021 से माह फरवरी 2022 तक तीन माह में उस क्षेत्र में नो पार्किंग में खड़े 397 वाहनों पर कार्रवाई की गयी है। इसमें 20 बसें, 91 कार, 28 आटो रिक्शा, 11 छोटे मालवाहक वाहन, 246 दोपहिया तथा 01 ट्रक पर कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक्र और पुलिस के जवान अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड और आस-पास के क्षेत्र में ट्रैफिक्र को व्यवस्थित करने के साथ ही वाहन चालकों को ट्रैफिक्र नियमों का पालन करने के संबंध में आवश्यक समझाईश दे रहे हैं। भाठागांव में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल से बसें संचालित हो रही हैं। बसों के बस स्टैंड में प्रवेश करने एवं निर्गम हेतु पृथक-पृथक मार्ग निर्धारित हैं। निर्धारित मार्गों से ही बसों का आवागमन होता है तथा बसों में बस स्टैंड से ही सवारी बिठाया जाता है और निर्गम मार्ग से बसें निकलकर भाठागांव ब्रिज के नीचे से सर्विस रोड होकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होती हैं।

निकायों में उपचुनाव, नामावली तैयार करने कर्मचारियों का चयन व नियुक्ति 6 अप्रैल तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने इस वर्ष विभिन्न नगरीय निकायों के रिक्त पदों के लिए आयोजित होने वाले नगर पालिका आम निर्वाचन एवं उप निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में फेटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम निर्धारित किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 25 मई को किया जाएगा।

राज्य निर्वाचन से जारी कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति 5 अप्रैल 2022 तक की जाएगी। प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कर्मचारियों का चयन एवं उनकी नियुक्ति 6 अप्रैल तक कर ली जाएगी। निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्राधिकृत अधिकारियों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल 2022 तक कर लिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की 1 जनवरी 2022 की स्थिति में तैयार अद्यतन विधानसभा की निर्वाचक नामावली जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त करने की कार्रवाई 12 अप्रैल 2022 तक पूरी की जाएगी।

स्वावलंबी गौठान स्वयं की राशि से खरीदने लगे हैं गोबर

- 13 करोड़ 18 लाख रूपए का खरीदा गोबर: 3006 गौठान हुए स्वावलंबी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठान तेजी से स्वावलंबन की ओर बढ़ रहे हैं। राज्य में अब तक 3006 गौठान स्वावलंबी हो चुके है। स्वावलंबी गौठान अब स्वयं की राशि से गोधन न्याय योजना के तहत गोबर की खरीदी करने लगे हैं। स्वावलंबी गौठानों में अपनी स्वयं की राशि से 13 करोड़ 18 लाख रूपए का गोबर क्रय किया है। स्वावलंबी गौठानों की संख्या राज्य में निर्मित एवं संचालित गौठानों की संख्या के एक तिहाई से भी अधिक है। राज्य में 8366 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 279 गौठान स्वावलंबी हुए है। दूसरे नंबर राजनांदगांव जिले में 221 तथा तीसरे क्रम जांजगीर-चांपा जिला है, जहां 190 गौठान स्वावलंबी हुए हैं।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में 26, धमतरी में 130, बलौदाबाजार में 101, महासमुंद में 170 तथा रायपुर जिले में 85, कबीरधाम में 141, दुर्ग में 185, बालोद में 67, बेमेतरा में 78, कोरबा में 175, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 28, बिलासपुर में 101, मुंगेली में 82, कोरिया में 121, जशपुर में 75, बलरामपुर में 80, सरगुजा में 105, सूरजपुर में 94, कांकेर में 144, कोण्डगांव में 80, दंतेवाड़ा में 64, नारायणपुर में 7, बस्तर में 102, बीजापुर में 23 तथा सुकमा जिले में 52 गौठान स्वावलंबी बन चुके हैं।

गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10591 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से 8366 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है।

पुरानी पेंशन लागू होने से भविष्य की चिंता खत्म हुई : मुख्यमंत्री बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यहां इंद्रावती भवन, नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री पेंशन दृष्टा सम्मान समारोह में शामिल हुए । फेडरेशन द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाली के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल का अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम में उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, आयुक्त श्री सी. आर. प्रसन्ना, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवँ आयुक्त हाउसिंग बोर्ड डॉ.अय्याज तम्बोली, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक श्री कमल वर्मा, फेडरेशन के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी गण भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल का अभिनंदन किया गया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे ये जानकर प्रसन्नता हुई कि पुरानी पेंशन लागू होने से आप सभी में अपार उत्साह का संचार हुआ है । अब आपके भविष्य की चिंता खत्म हो गयी है । विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने अपनी समस्याएं बताई हैं सभी का निराकरण किया जाएगा । मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों को अंशदायी पेंशन योजना से जो कठिनाई आ रही थी इसका मुझे अंदाजा था। सभी लोग सेवानिवृत्ति के बाद सम्मान से जीवन गुजारना चाहते हैं। किसी सरकार की ताकत अधिकारी-कर्मचारी होते हैं, आप चिंतित रहेंगे तो कार्य भी प्रभावित रहेगा, इसलिए ओल्ड पेंशन योजना लागू की गई ताकि आपका मनोबल ऊंचा बने रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी ने कोरोना में बहुत काम किया, इस महामारी में कई लोगों की जान भी गई फिर भी आप सभी डटे रहे और एकजुटता के साथ काम किया । इसका परिणाम रहा कि छत्तीसगढ़ के महामारी के दौरान प्रबंधन को देशभर में सराहा गया। इस दौरान कोरोना की वजह से जिन लोगों की जान गई उनके परिवारों का भी हमने ध्यान रखा। ऐसे परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए सरकार ने अनुकंपा नियुक्ति की छूट की समय सीमा को खत्म किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई राज्यों ने कोरोनाकाल में वेतन कटौती की लेकिन हमारी सरकार ने वेतन नहीं काटा । मैंने अपने अधिकारियों से दो टूक कह दिया था कि वेतन से बिल्कुल भी कटौती नही होगी।

संपादकीय

कर्ज में डूबा श्रीलंका

हमारा पड़ौसी देश श्रीलंका कर्ज के बोझ तले इस कदर डूब चुका है कि अब उसका उबर पाना असंभव की हद तक कठिन हो गया है। श्रीलंका पर तीन खरब डालर का कर्ज हो गया है। जिसका छत्तीस प्रतिशत कर उसने चीन से लिया है। आज श्रीलंका की स्थिति यह है कि वहां महंगाई अपने चरम स्तर पर पहंच गई है। नतीजतन लोगों के सामने भूखों मरने की स्थिति आ गई है। गरीब तो गरीब साधन सम्पन्न अमीर लोगों के लिए भी आवश्यक वस्तुओं की खरीद कर पाना मुश्किल हो गया है। चांवल पांच सौ रूपए किलो हो चुका है। इसी तरह अन्य वस्तुओं के दाम भी इस कदर बढ़ गए है कि वे लोगों की पहुंच से बाहर हो गए है। पेट्रोल और डीजल की ऐसी किल्लत मची है कि पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग रही है। पेट्रोल पंप की सुरक्षा के लिए सेना को तैनात करना पड़ रहा है। रसोई गैस का सिलेण्डर आठ हजार रूपए में मिल रहा है। बिजली की स्थिति यह है कि 24 घण्टे में 13 घण्टे बिजली कटौती की जा रही है। आपदा की इस घड़ी में भारत ने श्रीलंका की मदद के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया है और उसे अनाज के साथ ही डीजल भी भेजा है। इसके अलावा भारत ने श्रीलंका को 11 हजार करोड़ का कर्ज दिया है और अब श्रीलंका भारत से 1900 करोड़ रूपए का कर्ज और मांग रहा है। श्रीलंका की बद से बदतर होती इस स्थिति के लिए जिम्मेदार वहां की राजपक्षे सरकार के खिलाफ जनता सड़कों पर उतर आई है। पूरे श्रीलंका में आपातकाल लगाकर कर्फ्यू लगा दिया गया है इसके बावजूद जनता सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। जनता के आक्रोश को देखते हुए श्रीलंका सरकार के मंत्रीमण्डल ने अपना इस्तीफा सौप दिया है। वहां का विपक्ष इस स्थिति के लिए सरकार को जिम्मेदार ठाहराकर श्रीलंका में जल्द चुनाव कराने की मांग कर रहा है। श्रीलंका की पूरी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है और वहां का शेयर बाजार भी धड़ाम से गिर पड़ा है। नतीजतन शेयर की ट्रेडिंग रोकनी पड़ी है। यदि भारत सहित अन्य देशों ने भी श्रीलंका की मदद के लिए अपने हाथ आगे नहीं बढ़ाए तो श्रीलंका की हालत और ज्यादा खराब हो सकती है। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था किस कदर खस्ताहाल हो चुकी है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसका विदेशी मुद्रा भंडार सत्तर प्रतिशत से भी ज्यादा खत्म हो चुका है। यदि यही हालात रहे तो श्रीलंका कंगाल होकर रह जाएगा।

लघुकथा

पाकिस्तानः गरीबी में आटा गीला

इमरान खान ने वही किया, जिसकी संभावना इस लेख में परसों व्यक्त की गई थी। उन्होंने विपक्षियों द्वारा लाया हुआ अविश्वास प्रस्ताव रद्द करवा दिया, राष्ट्रीय सभा (संसद) भंग करवा दी और चुनावों की घोषणा करवा दी। अब पाकिस्तान के चुनाव 90 दिन बाद होंगे, ऐसा मानकर चला जा सकता है। इमरान ठीक कहते थे कि उन्होंने बाजी हारी नहीं है। उनके पास एक तुरुप का पत्ता है। अब वह उन्होंने चल दिया है। उनके खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिका दायर हो जाएंगी। लेकिन अदालत अब क्या कर सकती है? संसद के उपाध्यक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव को रद्द कर दिया और राष्ट्रपति ने संसद को भंग करके चुनाव की घोषणा कर दी है। ऐसे में यदि फौज उल्टा रास्ता पकड़ ले तो ही इमरान की गाड़ी उलट सकती है। पाकिस्तान की असली मालिक फौज ही है। फौज चाहे तो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद, सरकार और न्यायपालिका सभी को भंग कर सकती है लेकिन फौज इतनी हिम्मत करेगी, इसमें मुझे संदेह है, क्योंकि सेनापति क़मर बाजवा सर्वशक्तिशाली व्यक्ति होते हुए भी मर्यादित बर्ताव करते हैं। उन्होंने कल ही एक समारोह में कहा कि वे कश्मीर की समस्या का हल बातचीत से करना चाहते हैं। यदि भारत तैयार हो तो वे देरी नहीं करेंगे। इमरान के सवाल पर वे जो चाहते हैं, वह तो हो ही रहा है। अब इमरान कार्यवाहक प्रधानमंत्री भर रह गए हैं। कई मुद्दों पर फैसले लेने के अधिकार से वे वंचित हो गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के नौजवानों के नाम संदेश जारी करके कहा था कि वे लाखों की संख्या में इकट्ठे होकर संसद को घेर लें। विपक्षियों का आरोप है कि वे विरोधी दलों के सांसदों को संसद भवन में घुसने ही नहीं देना चाहते थे। लेकिन इमरान को अब संसद घेरने की जरुरत ही नहीं पड़ी है। उनके एक मंत्री का दावा है कि विपक्ष के लोग इमरान की हत्या करवाना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि पाकिस्तान की जनता अगले चुनाव में दल-बदलुओं और विपक्ष के अनैतिक गठबंधन को हराकर ही दम लेगी। इस तर्क में कुछ दम जरुर है लेकिन पाकिस्तान की जनता मंहगाई और महामारी के कारण इतनी परेशान रही है कि वह इमरान से ऊबने लगी है। इमरान की स्पष्टवादिता भी उन्हें मंहगी पड़ सकती है। एक बार मंहगाई के सवाल पर वे इतने चिढ़ गए थे कि उन्होंने कह दिया कि प्रधानमंत्री का काम टमाटर और गाजर के भाव तय करना नहीं है। उन्होंने भारतीय विदेश नीति की दो बार खुले-आम तारीफकरके मुसीबत मोल ले ली है। पाकिस्तान और भारत में नेतागीरी का जलवा चमकाने के लिए एक-दूसरे के खिलाफ लगातार गोलंदाजी करना बहुत जरुरी होता है। इमरान ने पिछले दो-तीन दिनों में अपनी फौज की तटस्थता का भी जिक्र किया है लेकिन फौज उनके साथ होती तो चुनाव की नौबत ही क्यों आती? पाकिस्तान की यह बदकिस्मती है कि उसकी राजनीति में कभी स्थिरता दिखाई नहीं पड़ती। आज की विषम परिस्थिति में खड़ा हुआ यह राजनीतिक संकट ऐसा है, जिसे 'गरीबी में आटा गीला' होना कहा जाता है।

अमीर किसानों को आयकर के दायरे में लाएं

आशीष वशिष्ठ

वर्ष 2017 में नीति आयोग के सदस्य बिबेक देबरॉय ने सुझाव दिया था कि, एक सीमा के बाद कृषि से होने वाली आय पर भी कर लगाया जाना चाहिए। बिबेक देबरॉय ने इशारा किया था कि कई राज्यों में पहले कृषि आय पर टैक्स लगाने का प्रावधान था। बिहार (1938), असम (1939), पश्चिम बंगाल (1944), ओडिशा (1948), उत्तर प्रदेश (1948), हैदराबाद (1950), त्रावणकोर और कोचीन (1951) एवं मद्रास और ओल्ड मैसूर (1955) में कृषि आय पर कर का कानून था। कुछ राज्यों में अब भी यह मौजूद है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने भी देबरॉय की बातों से सहमति जताई थी। लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों से इस पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन रिफॉर्म कमीशन ने साल 2014 में ही कहा था कि दूसरे पेशे के लोग कृषि आय के नाम पर टैक्स छूट की रकम हर साल बढ़ा रहे हैं।

पिछले कई दशकों से इस बात पर चर्चा होती रही है कि अमीर किसानों को भी आयकर के दायरे में लाया जाए। लेकिन तमाम विचार-विमर्श और चिंतन-मंथन के बाद भी कोई सरकार धनी किसानों पर टैक्स लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। भारतीय राजनीति में शुरू से ही किसानों की गरीबी का भरपूर फायदा उठाया गया है। देश के राजनीतिज्ञों ने किसानों और गरीबों को एक दूसरे का पर्यायवाची बनाकर पेश करने की कोशिश की। 'एक किसान गरीब ही होगा' लोगों के बीच इस मानसिकता को जान-बूझकर बढ़ावा दिया गया। अमीर किसानों की आय पर टैक्स लगाने की बात हर सरकार में की गयी, लेकिन आज तक यह फैसला नहीं लिया गया क्योंकि सभी को अपना वोट बैंक खोने का डर है।

जमीनी हकीकत यह है कि हरित क्रांति आने के 5 दशक होने को हैं, जिसके दौरान हमने किसानों की आय को कई गुना बढ़ते देखा है। हालांकि, आज भी इनकम टैक्स एक्ट के मुताबिक कृषि से होने वाली आय पर भारत में टैक्स नहीं लगता। देश के गरीब किसानों का समझ में आता है, लेकिन यह बात समझ से परे है कि अमीर किसानों की आय पर टैक्स क्यों नहीं लगाया जाता है। क्या अमीर किसान इस देश के नागरिक नहीं है? अमीर किसानों की आय पर कर तो छोड़िए, सरकार उल्टा इन्हें बाकी किसानों के साथ ही भारी-भरकम सब्सिडी प्रदान करती है। अब समय आ गया है कि आय कर के नियमों में बदलाव करके अमीर किसानों की आय पर भी कर लगाने का प्रावधान जोड़ा जाये।

अगर यह कहा जाए कि 130 करोड़ की आबादी वाला यह देश सिर्फ साढ़े चार करोड़ लोगों के टैक्स के पैसों से चलता है, तो हैरान न हों। इसमें भी डेढ़ करोड़ करदाता ऐसे हैं, जिनका योगदान नाम भर का है। यानी व्यावहारिक तौर पर देश की कुल आबादी के तीन प्रतिशत से भी कम लोग आयकर देते हैं। कृषि से होने वाली आय पर कर ना लगने से अमीर किसान तो अपना कर बचाते ही हैं, साथ ही इस प्रावधान की वजह से भारत के आयकर इकट्ठा करने की प्रणाली में एक बड़ा ब्लैक होल बन चुका है।

हाल के किसान आंदोलन में हमने हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को नजदीक से देखा। महंगे कपड़े, स्पोर्ट्स शूज और बड़ी-बड़ी गाड़ियां, बड़े ट्रैक्टर सभी कुछ थे उनके पास। फिर भी

खेती से होने वाली आय पर टैक्स नहीं लगने से इसका फायदा उन बड़े किसानों के पहुंचता है जो संपन्न हैं या फिर उन बड़ी कंपनियों को जो इस सेक्टर में लगी हैं। सरकार की नीतियों में विरोधाभास है। टैक्स से छूट के दायरे में खेतिहर जमीन से मिलने वाला किराया, फसल बेचने से होने वाली कमाई, नर्सरी में उगाए जाने वाले पौधे से होने वाली आय, कुछ शर्तों के साथ फार्महाउस से होने वाली कमाई इत्यादि आती हैं। लेकिन कृषि पर होने वाली आय को दिखा कर बड़ी कंपनियां बहुत बड़ी रकम पर टैक्स से छूट पा लेती हैं। 2014-15 में कावेरी सीड्स ने कृषि से 186.63 करोड़ रुपए की आय दर्शाया था। वहीं मॉन्सांटो जैसी अमरीकी कंपनी ने 94.4 करोड़ कृषि से आय दिखाया था।

उनमें से एक भी किसान आयकर नहीं देता। कई ऐसे किसान मिल जाएंगे, जिनके पास सैकड़ों एकड़ जमीन है और वे कर देने के बजाय सरकार से ही वसूली कर रहे हैं, चाहे वह एमएसपी में बढ़ोतरी हो या उर्वरकों की कीमतों में सब्सिडी या फिर कम दाम पर या मुफ्त में बिजली। छोटे व्यवसायी इस समय कोरोना महामारी के कारण मार खा बैठे हैं। लेकिन इसके पहले उन्होंने काफी कमाया।

वर्ष 2017 में नीति आयोग के सदस्य बिबेक देबरॉय ने सुझाव दिया था कि, एक सीमा के बाद कृषि से होने वाली आय पर भी कर लगाया जाना चाहिए। बिबेक देबरॉय ने इशारा किया था कि कई राज्यों में पहले कृषि आय पर टैक्स लगाने का प्रावधान था। बिहार (1938), असम (1939), पश्चिम बंगाल (1944), ओडिशा (1948), उत्तर प्रदेश (1948), हैदराबाद (1950), त्रावणकोर और कोचीन (1951) एवं मद्रास और ओल्ड मैसूर (1955) में कृषि आय पर कर का कानून था। कुछ राज्यों में अब भी यह मौजूद है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने भी देबरॉय की बातों से सहमति जताई थी। लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों से इस पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी।

टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन रिफॉर्म कमीशन ने साल 2014 में ही कहा था कि दूसरे पेशे के लोग कृषि आय के नाम पर टैक्स छूट की रकम हर साल बढ़ा रहे हैं। यह वास्तव में टैक्स छूट पाने का एक बेहतरीन जरिया बन गया है। सीएजी की रिपोर्ट में भी इस बात पर चिंता जताई गयी है। टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन रिफॉर्म कमीशन ने सुझाव दिया था कि जिन किसानों की कृषि आय 50 लाख रुपये से अधिक हो, उनसे इनकम टैक्स लिया जाना चाहिए। जिन किसानों के पास चार हेक्टेयर से अधिक जमीन है, देश में उनकी आबादी कुल किसानों का सिर्फ चार फीसदी है, लेकिन उनकी कुल कृषि आय किसानों की कुल आमदनी का 20 फीसदी है।

ब्रिटिश राज के दौरान 1925 में भारतीय कराधान जांच समिति ने कहा था कि कृषि से होने वाली आय पर टैक्स छूट का कोई ऐतिहासिक या सैद्धांतिक कारण नहीं है। केवल प्रशासनिक और राजनीतिक कारणों से कृषि को टैक्स से दूर रखा गया है। आज की तारीख में भी ये दोनों बातें अमूमन सही हैं। देश की आजादी के बाद पहली बार साल 1972 में बनाई गई केएन राज समिति ने भी कृषि पर टैक्स की सिफारिश नहीं की। यहां तक कि केलकर समिति ने भी 2002 में कहा था कि देश में 95 फीसदी किसानों की इतनी कमाई नहीं होती कि वो टैक्स के दायरे में आएं। मतलब साफ है कि पांच फीसदी किसानों को टैक्स के दायरे में लाया जा सकता है।

खेती से होने वाली आय पर टैक्स नहीं लगने से इसका फायदा उन बड़े किसानों के पहुंचता है जो संपन्न हैं या फिर उन बड़ी कंपनियों को जो इस सेक्टर में लगी हैं। सरकार की नीतियों में विरोधाभास है। टैक्स से छूट के दायरे में खेतिहर जमीन से मिलने वाला किराया, फसल बेचने से होने वाली कमाई, नर्सरी में उगाए जाने वाले पौधे से होने वाली आय, कुछ शर्तों के साथ फार्महाउस से होने वाली कमाई इत्यादि आती हैं। लेकिन कृषि पर होने वाली आय को दिखा कर बड़ी कंपनियां बहुत बड़ी रकम पर टैक्स से छूट पा लेती हैं। 2014-15 में कावेरी सीड्स ने कृषि से 186.63 करोड़ रुपए की आय दर्शाया था। वहीं मॉन्सांटो जैसी अमरीकी कंपनी ने 94.4 करोड़ कृषि से आय दिखाया था।

प्रकृति की सुरम्य स्थल चन्द्रपुर नगर

लक्ष्मी नारायण लहरे

चंद्रहासिनी देवी मंदिर का रख - रखाव स्थानीय श्री गोपाल महाप्रभु एवं श्री चंद्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास के दुवारा किया जाता है । इस मंदिर की इतिहास पर गौर किया जाए तो पुरातात्विक है । पर अभी तक यह मंदिर पर्यटन में नहीं आता है । जांजगीर चाँपा जिले में यह मंदिर आता है और नव सृजित सक्ति होने पर यह मंदिर आने वाले समय में सक्ति जिले में आ जायेगी । वही सारंगढ भी नव सृजित जिला बना है तो आने वाले समय में इन जिलों का अस्तित्व में आने के बाद यहां की मानचित्र में पर्यटन घोषित होने की सम्भवनाएँ बढ़ जाती है।

भारत के सम्बन्ध में विद्वानों का मानना है कि सिंधु घाटी की सभ्यता के नागरिक जिन देवताओं की पूजा -अर्चना करते थे वे आगामी वैदिक सभ्यता में पशुपति और रुद्र कहलाएं तथा वे जिस मातृका की उपासना करते थे वे वैदिक सभ्यता में देवी का आरम्भिक रुप बनी। हमारे धर्म ग्रन्थों और उपासना पद्धतियों में देवी की आराधना के प्रचुर उल्लेख हैं । माँ जैसी दुर्लभ देन मनुष्य जाति के लिए कोई दूसरी नहीं एक ओर वह वात्सल्य की प्रतिमूर्ति है तो दूसरी ओर शक्ति का अजस्त्र स्त्रोत । भारतीय आस्था सृष्टि के उदय से ही इसी माँ की आराधना होती है । हमारी भारतीय संस्कृति में देवी आराधना इतिहास के आरंभिक काल से ही है । मातृ पूजन की अवधारणा विश्व के अन्य देशों की सभ्यताओ में भी प्राचीन काल से विद्धमान रही है ।बेबीलोन ,यूनान और रोमन सभ्यताओं में भी देवी पूजा किये जाने के सम्बंध में विद्वानों ने अपने निष्कर्ष दिये हैं । भारतीय मनीषियों में इतिहास गवाह है नारी शक्ति को बल दिया है । प्रकृति अपने आप में सबसे सुंदर कृति है वहीं प्रकृति में नदी -नाले ,झरने पेड़ -पौधे प्रकृति के गहने हैं ।

महानदी के उद्गम ही जीवन का उद्गम है कहना गलत नहीं होगा ।महानदी किनारे -किनारे जीवन का जीवट उदाहरण है ।महानदी किनारे और आस -पास ऐसे जगह है जो छत्तीसगढ़ ही नहीं भारत में भी पहचान रखती है । महानदी किनारे चाहे वह राजिम की राजीव लोचन मंदिर हो चाहे शिवरीनारायण धाम की बात करें चाहे चन्द्रपुर की चंद्रहासिनी देवी की पर्यटन के साथ -साथ सुरम्य स्थल में गिने जाते हैं। चन्द्रपुर नगर की चंद्रहासिनी देवी मंदिर माँ दुर्गा के 52 शक्तिपीठों में से एक है जो मांड नदी ,लात नदी और महानदी के संगम पर स्थित है । महानदी माँ चंद्रहासिनी देवी की पांव पखारती है यह स्थल प्रकृति का सुंदर और सुरम्य स्थल है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के जांजगीर -चाँपा जिले के डभरा

विकास खंड में स्थित है जो महानदी और मांड नदी से घिरा है। चन्द्रपुर जांजगीर मुख्यालय से 120 किलोमीटर रायपुर से 221 किलोमीटर और डभरा से 22 किलोमीटर तथा रायगढ जिला से 32 किलोमीटर और सारंगढ से 22 किलोमीटर दूरी पर बसाहट है। चंद्रहासिनी मंदिर से कुछ दूरी पर माता नाथलदाई का मंदिर है जो रायगढ जिले की सीमा अंतर्गत आता है। चन्द्रपुर की चंद्रहासिनी देवी मंदिर रायगढ जिला पहुंच मार्ग में है जो लोगों की मुख्य मार्ग है और चन्द्रपुर पुल मुख्य शहर को जोड़ती है ।यहां बारो माह लोगों का आना -जाना लगा रहता है । चन्द्रहासिनी देवी मंदिर पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है वहीं कुंवार नवरात्रि और चैत नवरात्रि पर विशेष पूजा -अर्चना के साथ मनोकामना ज्योतिकलश की स्थापना होती है कुंवार माह में मेला भरता है और मंदिर दर्शन के लिए दूर -दराज के लोग यहां पहुंचकर अपने -आप को धन्य मानते हैं ।

माँ चंद्रहासिनी देवी- माँ चंद्रहासिनी देवी की मंदिर महानदी किनारे बसाहट है यह ऊपरी टीला नुमा है महानदी में बाढ़ आने के बाद भी मंदिर प्रभावित नहीं होती है ।वही नगर के निचली बस्तियों में बाढ़ के आने से जल भराव हो जाता है । प्रकृति की सुंदरतम में से एक है यहां लोग पहुंचकर अपने -आप को धन्य मानते हैं । माता की कृति चारो दिशाओं में फैली हुई है ।यह मंदिर महानदी के किनारे होने के कारण लोगों को लुभाता है मंदिर की कृति दूर -दूर तक है ।लोग यहां नवरात्रि पर तो विशेष पूजा -अर्चना के लिए आते ही है वहीं अन्य समय में भी यहां आकर आनन्द लेते हैं ।लोग मान्यता के आधार पर मनोकामना की पूर्ति के लिए नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति कलश जलाते हैं वहीं श्रद्धालु मंदिर में बदना में बकरे ,मुर्गी की बलि भी चढ़ती है।

मंदिर का इतिहास- माता सती के अंग जहां-जहां धरती पर गिरे थे, वहां आज वर्तमान में शक्ति माता श्री दुर्गा के शक्तिपीठ स्थापित हैं। छत्तीसगढ़ में भी अनेक स्थानों में माता के शक्तिपीठ स्थापित है। जिनमें से एक माता चंद्रहासिनी का मंदिर है। यहाँ सिद्ध मां दुर्गा के 52 शक्तिपीठों में से एक स्वरूप मां चंद्रहासिनी के रूप में विराजित है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सीधा खड़ा हो

सीधा खड़ा हो जीने के लिए चाहिए एक अदद रीढ़ की हड्डी! किसी भी आकार या प्रकार के लिए भी चाहिए होती हैं हड्डियाँ! हड्डी विहीन हो हम हो जाते तब अस्तित्व विहीन! इतने लचीले कि कोई भी रीढ़ वाला प्राणी ढकेल बिगाड़ सकता है हमारी आकृति हमारा वर्चस्व और निगल तक सकता है हमारा सम्पूर्ण अस्तित्व!

- सरिता खोवाला

खास पाती | खनक उठी हैं तुम्हारी जो चूड़ियाँ

खनक उठी हैं तुम्हारी जो चूड़ियाँ फ़िर से कि लौट आई हैं गालों पे सुर्खियाँ फ़िर से हमे मुआफ़ी मिली थी गुनाह की, लेकिन जुबां पे उनके तो आई हैं तल्ख़ियाँ फिर से कभी नहीं थी ये उम्मीद आपसे साहिब उठा यूँ लेंगे बग़ावत की तख़्तियाँ फ़िर से कि बढ़ चले हैं हमारे क़दम तो मंज़िल को उगल रही हैं धुआँ आज चिमनियाँ फ़िर से जो बात - बात पे खाते रहे क़सम तेरी बसा वो लेंगे कहीं और बस्तियाँ फिर से हमें तो चुभने लगे घर के ये उजाले अब जी चाहता है करें बन्द खिड़कियाँ फिर से बिछड़ गए हैं मगर दिल में आरज़ू अब भी पकड़ ले काश वो मेरी कलाइयाँ फिर से। **- सुरेश पसारी**

मृत्यु ही जीवन की सीमा तो

मृत्यु ही जीवन की सीमा तो नहीं फिर क्यों अकुलाता है मन कि कितना काम करना था प्यार में जीना और मरना था करने थे बडे कीर्ति स्तम्भ और पत्थरों पर लिंखना था अपना नाम ताकि सदियों तक रहे जाये यही नाम यही नाम क्यों ? नाम क्या है ? केवल परिचय ही तो सो भी चंद वर्षो का बस , कुछ संघर्षो का कदमों का काम तो बस चलना है घूप-छांव , हार-जीत सब बेकार , बेमानी छलना है सदियों से सदियों तक का सफ़र यहाँ है जिंदगी से जिंदगी तक चलते जाना है अचानक ही एक मोड आयेगा कहीं पर जहाँ एक दरवाजे से दूसरे ऑगन में जाना है क्योंकि मृत्यु ही जीवन की सीमा तो नहीं। **- बेनु सतीश कॉत**

तुम्हें अपना कहा

तुम्हें अपना कहा मैंने हमेशा ग़म चखा मैने तुम्हारी हर खुशी पर ही खुले दिल से हँसा मैंने भला वो क्या था बतलाओ नहीं तुमको दिया मैंने तुम्हारे दिल पे दिल को ही हमेशा बस रखा मैंने जिसे तुम प्यार कहते हो हवस उसको कहा मैंने बचा क्या है मुहब्बत में नहीं जो भी सहा मैंने।

- मित्र ग़ज़ियाबादी

तेरी आहट वो पहिचाने दिल में

तेरी आहट वो पहिचाने दिल में है क्या वो सब जाने तेरा चेहरा वो पढ़ लेगी तेरा हर दर्द समझेगी तुझे देख कर जो है जिन्दा तुझमे है जिसका जहाँ वो है माँ,वो है माँ। **- शिल्पी अग्रवाल**

आओ हमसब मिलकर ले प्रण करें



आओ हमसब मिलकर ले प्रण करें राष्ट्र आराधन प्रतिपदा नवसंवत्सर नववर्ष का करें अभिनंदन पाश्चात्य संस्कृति का छोड़े अंधा अनुकरण। निज का मान बढ़ाने आज करें नव यतन देखो सूरज की प्रथम रश्मि से नहाई धरा। प्रस्फुटित नव कोपल प्रफुल्लित प्रकृति हरा अमुआ की डाली लदी फलों से चहके पक्षीगण मंदार,मधुमालिनी मोंगरा से महके घर उपवन चैत्र-नवरात्रि का पर्व आया लिए सकारात्मक विचार हुई नवदुर्गा अवतरित , करने अधम पापियों का संहार मन में बहती अध्यात्म की गंगा होता शक्ति का संचार सुख का अखंड दीप जले ,ऐसा पावन अपना त्यौहार। **- वर्षा ठाकुर**

रात की दीवार पर बुन ख़्वाबों

रात की दीवार पर बुन ख़्वाबों की नज़्में ओढ़ अहसासों की चादर बना गज़लों का तकिया तह गीतों की लगाकर अल्फ़ाज़ो के साये में बोए चंद सितारे रिश्तों के गवाह चाँद को बनाकर सुनो. इंद्रधनुष गर बिखरा सको मेरे आंगन में तो बहारों का हाथ थाम चले आना। **- प्रिया वाच्छानी**

पाकिस्तान में सियासी संकट

पाकिस्तान में सियासी संकट, श्रीलंका में आपातकाल की स्थिति, म्यांमार में सैन्य शासन, अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान का राज, चीन में एक पार्टी का राज, रूस में एक आदमी का शासन, आईपीएल का आनंद लेते भारतीय फ़िर भी लोग भारत में असुरक्षित महसूस करते हैं दुष्ट कहीं के। **- तीर्थ बडोनी**

दर्प हृदय से दूर किया कर

दर्प हृदय से दूर किया कर धनुष भंग जिसने, पाठ में रिश्तों की मर्यादा के भरे नवरंग जिसने। उस राम का आओ मिलकर गीत सारे गायें- जय श्रीराम के नारे से आओ ब्रह्मांड गुंजायें।। **- गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

QUIZ TIME

1) बंगाल विभाजन के विरोध में बंगाल में ब्रिटेन की वस्तुओं के बहिष्कार का सुझाव सर्वप्रथम किसने दिया था?
2) एनी बेसेंट तथा सरोजिनी नायडू के बाद कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता करने वाली तीसरी महिला कौन बनी?
3) साड़ियों पर सबसे पहले मधुबनी पेटिंग बनाने का श्रेय किसे जाता है?
4) मेलिंग सूची के उपयोक्ताओं को अनचाहा पत्र भेजना क्या कहलाता है?
5) विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना 1967 में की गई, इसका मुख्यालय कहाँ हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कृष्ण कुमार मित्र (2) नलिनी सेनगुप्ता (3) सीता देवी (4) स्पैमिंग (5) जेनेवा, स्विट्जरलैंड

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1479- सिक्खों के तीसरे गुरु गुरु अमरदास का जन्म। 1722- जेकब रोजरविन ने पूर्वी आयरलैंड की खोज की। 1843- ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने हॉगकॉग को ब्रिटिश कॉलोनी में शामिल किए जाने की घोषणा की। 1908- भारत के प्रथम दलित उप प्रधानमंत्री एवं राजनेता बाबू जग जीवन राम का जन्म। 1922- प्रख्यात भारतीय विदुषी एवं समाज सुधारक पंडिता रमाबाई का निधन। 1930- महात्मा गांधी अपने अनुयायियों के साथ नमक कानून तोडने के लिए दांडी पहुंचे। 1949- भारत में स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना हुई। 1955- विस्टन चर्चिल ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया। 1957- देश और दुनिया में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न चुनाव के बाद केरल में कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई और ईएमएस नम्बूदरीपाद ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 1961- भारत सरकार की ओर से प्रायोजित पहली 'इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड कंपनी' की स्थापना हुई। 1964- नौसेना ने पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया। 1975- सऊदी अरब के राजा फैजल की हत्या हुयी। 1979- देश का पहला नौसेना संग्रहालय मुम्बई में खुला। 1991- अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 (अटलांटिस 8) का प्रक्षेपण हुआ। 2002- भारत, म्यांमार तथा थाइलैंड के बीच मोरे-कलावा-मांडले सड़क परियोजना पूरी करने हेतु सहमति। 2003- अमेरिकी संसद में पाक की आर्थिक मदद में कटौती का प्रस्ताव पेश किया गया।

सीसी रोड के लिए 6 लाख रुपए स्वीकृत

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से ग्राम पंचायत उमरदा में सीसी रोड निर्माण के लिए छह लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है। सोमवार को ग्राम पंचायत उमरदा के ग्रामीण संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके प्रयास से छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से ग्राम उमरदा में तीन लाख रूपए की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र तक तथा एक अन्य स्थान पर तीन लाख रूपए की लागत से सीसी रोड के लिए स्वीकृति मिली है। जिस पर सरपंच जय सुधा चंद्राकर, हेमन्त चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर, तिरमनी ध्रुव, रेखा चंद्राकर, सोनिया यादव, भगीरथी चंद्राकर, नरेश चंद्राकर, श्रीराम /ध्रुव, शिव कुमार सांवरा, भीखम चंद्राकर, टीकम चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, प्रह्लाद चंद्राकर, अनिल चंद्राकर आदि ने आभार जताया है।

पकड़े गये 26 सटोरिये, 1 लाख 15 हजार रुपए नकदी जब्त

■ **कोतवाली, चक्रधरनगर, सारंगढ़, सरिया और खरसिया क्षेत्र में पंजाब-चेन्नई मैच में ऑनलाइन सट्टा ले रहा आरोपी गिरफ्तार**

रायगढ़/नवप्रदेश। आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान सटोरिये ऑनलाइन मैच पर सट्टा लिखने की सूचनाओं पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं । इसी क्रम में आज दिनांक 03.04.2022 को जिले के कई थानाक्षेत्र में जुआ-सट्टा पर कार्रवाई की गई है । एसपी श्री मीना के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटेल के मार्गदर्शन पर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में आईपीएल सीजन- 15 में आज 6 बड़ी कार्यवाही किया गया है -(1) गंगाराम तालाब के पास पतरापाली रायगढ़ में रहने वाले पुरुषोत्तम यादव पिता राकेश यादव उम्र 19 वर्ष से ?5000 नगद के साथ 3,56,000 का सट्टा पट्टी एक टीवी, इंटेक्स मोबाइल, एक रिकॉर्डर, एक नोकिया मोबाइल, की जब्ती की गई है । (2) ढिमरापुर के पास किया गया जिसमें राजेंद्र साहू पिता मालिक राम साहू उम्र 23 वर्ष को पंजाब चेन्नई मैच के दौरान मोबाइल पर सट्टा लेते पकड़ा गया । आरोपी से नगदी ?7000 के साथ दो नग मोबाइल एवं ?70000 सट्टा पट्टी का हिसाब जप्त किया गया है । आरोपी से पूछताछ में जानकारी मिली कि दिल्ली मुंबई में सट्टे के कारोबार से जुड़े व्यक्तियों से आईडी लेकर उस आईडी के जरिए स्थानीय लोगों से सट्टा पट्टी लेता था । (3) इंदिरा नगर में गौरव यादव पिता पप्पू यादव उम्र 22 वर्ष निवासी इंदिरा नगर से ?4000 एक टीवी दो मोबाइल । (4) चांदमारी पर श्रेष्ठ दास पिता राजू दास उम्र 22 वर्ष पिता चांदमारी से अट्ठारह सौ रुपए नगद एक इंटेक्स मोबाइल तथा 30000 का सट्टा पट्टी जब्त किया गया है आरोपी अपने आईडी से सट्टा खिला रहा था । (5) इंदिरा नगर के पास दिलीप चौहान पिता स्वर्गीय केदारनाथ चौहान उम्र 36 वर्ष निवासी कयाघाट को 4500 रुपए एक मोबाइल के साथ पकड़ा गया है । आरोपी से 28000रू. का सट्टा पट्टी की जब्ती की गई है आरोपी अपनी आईडी से सट्टा खिला रहा था । (6) केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास पप्पू चौहान पिता दाताराम चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी ढिमरापुर से ?4000 नगद, एक मोबाइल तथा ?350000 के सट्टा पट्टी जप्त किया गया है ।

वहीं थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनव कांत के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा 2 कार्रवाई की गई है । (1) बोईरदादर में लक्ष्मी राम कुर्रे पिता समारोह कुर्रे उम्र 36 वर्ष निवासी पूछापारा रायगढ़ को पंजाब चेन्नई के मैच में ऑनलाइन सट्टा लेते गिरफ्तार किया गया है । आरोपी से नगद ?7000 तथा 2 मोबाइल एवं ?103000 सट्टा पट्टी का हिसाब जप्त किया गया है । (2) विशाल गुप्ता पिता रामदेव गुप्ता उम्र 21 साल निवासी आईटीआई कॉलोनी अंबेडकर आवास थाना चक्रधरनगर से रकम 5000 पांच हजार, 2 नग मोबाइल, सट्टा पट्टी 2,68,600 रूपये का जप्त।

टीआई सारंगढ़ विवेक पाटले के नेतृत्व में सारंगढ़ टीम द्वारा रेंजर पारा सारंगढ़ में सिया राम चौहान पिता तुलसीराम चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी रेंजर पारा वार्ड क्रमांक 15 को मैच पर ऑनलाइन सट्टा लेते गिरफ्तार किया गया है । आरोपी से ?8000 नगदी के साथ ?1,00,000 का सट्टा पट्टी, 1 मोबाइल तथा एक टीवी की जब्ती की गई है ।

इसी कड़ी में खरसिया टीआई एस.आर साहू द्वारा आज तीन कार्रवाई क्रिकेट सट्टा पर किया गया है । (1) आयुष अग्रवाल उर्फ़ राहुल पिता कैलाश अग्रवाल उम्र 27 वर्ष मौहापाली रोड खरसिया (2) अमित अग्रवाल पिता अनुप अग्रवाल उम्र 26 वर्ष स्टेशन रोड खरसिया (3) अग्रवाल पिता गजानंद अग्रवाल उम्र 36 वर्ष रायगढ़ चौक खरसिया से कुल 3 नग मोबाइल फोन, 37 हजार रुपये , 2 नग डायरी, 1 टीवी एवं 6 लाख की सट्टा-पट्टी की जप्ती की गई है ।

बूढ़ादेव की हुई पूजा, ग्रामीणों ने कहा- अपने देव को पूजने जरूर जायेंगे रायपुर

■ **गांवों में पहले जैसा नवरात्रि वाला माहौल है - अमित बघेल**

खरोरा/नवप्रदेश रविवार को खरोरा नगर से बूढ़ादेव यात्रा की शुरुआत हुई। शाम 5 बजे बूढ़ादेव रथ महामाई मंदिर बस्ती पारा पहुंची। जहां छत्तीसगढ़ी रीति रिवाज से एक कलसा पानी रास्ते में डाल कर भगवान को नगर में आमंत्रित किया गया। इस दौरान नगर वासियों ने बूढ़ादेव की पूजा अर्चना की। खरोरा खड़ के ग्रामों में ग्रामवासियों ने बूढ़ादेव रथ में चांवल व नारियल चढ़ा कर विदा किया। 1 अप्रैल को शाम 4 बजे जब बुढ़ादेव रथ बुड़ेरा पहुँचीं तब ग्राम प्रमुखों ने भव्य स्वागत किया। समस्त घरों के दुवारी में महिलाओं एवम युवतियों ने चौका पुरकर आरती किया । ग्राम प्रमुखों ने गांव के देवता को मना कर मिट्टी लेने की अनुमति ली फिर रथ के कलश में मिट्टी डाला गया।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेशाध्यक्ष अमित बघेल ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के हर जिलों में देवालयों से एक चुटकी मिट्टी लेने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नवरात्रि शुरू होने से पहले ही नवरात्रि जैसा माहौल लग रहा है। जहां-जहां रथ पहुंच रही है। गांव के छत्तीसगढ़िया समाज के लोग अपने कुल देवता का पूरा सम्मान कर रहे हैं। छत्तीसगढ़िया समाज के लोग बूढ़ादेव रथयात्रा को आगे बढ़ाते हुए गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। यह पूरे छत्तीसगढ़ को गौरव करने वाली बात है। अब छत्तीसगढ़ को हमारे देवता बूढ़ादेव के नाम से जाना जाएगा। 18 अप्रैल को रायपुर में भव्य आयोजन के बीच देवता को बूढ़ा तालाब लाएंगे। इस दौरान लाखों छत्तीसगढ़िया समाज के लोग साक्षी बनेंगे। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के खरोरा खड़ अध्यक्ष राहुल वर्मा ने बताया कि गांव के डीही-डोंगर, गांव के पुरखा देवता, शीतला माता, बूढ़ादेव के मंदिरों से पवित्र माटी की शक्तियों को लेकर रथ आगे बढ़ रही है। रथ के साथ ही अन्य-अन्य जातियों में बंटे छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों को एक होने का संदेश दिया जा रहा। बूढ़ादेव के आशीर्वाद से बहुत जल्द छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों की सिर्फ एक ही जाती होगी। और वो जाती होगी छत्तीसगढ़िया। छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों के एक होते ही चौंक-चौराहों, हमारे धरोहरों से देवताओं के नाम बदलने की राजनीति खत्म हो जाएगी।

15 गांव की यात्रा पूरी हो चुकी है

खरोरा खड़ छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के उपाध्यक्ष प्रियंकर सेन ने बताया की 6 दिनों में 15 गांव की यात्रा पूरी हो चुकी है। देर रात तक लगातार सफर जारी है। गांव के ग्रामीणों के द्वारा ही भोजन और रहने की व्यवस्था की जा रही है। रात में गांव में ही रथ को रखा जाता है। रथ की सुरक्षा के लिए जिस गांव में रुकते हैं उस गांव के पदाधिकारी रात जाग कर पहरा देते है। इसके बाद रथ आगे बढ़ जाती है। अभी 63 गांव का भ्रमण करना बचा हुआ है। रथ यात्रा में खरोरा खड़ संयोजक गजेंद्र रथ वर्मा, महामंत्री रामशरण साहू, सचिव अशोक वर्मा, सह सचिव नीलकंठ नायक, योगेश साहु, प्रमोद कुंभकार शामिल हैं।

नगर में झूलेलाल जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया

■ **संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष का किया सम्मान**

खरोरा/नवप्रदेश। संजीवनी रक्तदाता संघ द्वारा सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संजीवनी रक्तदाता संघ के तत्वाधान में अग्रसेन चौक नेवरा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य मैं सिंधी समाज के लोगों द्वारा निकाले गए जुलूस के लिए पानी एवं शरबत वितरण किया गया एवं सिंधी समाज के वरिष्ठ जन व पदाधिकारी गण कार्यक्रम के आयोजक अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान का प्रसाद एवं झूलेलाल जी का गमछा से सम्मान किया गया उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित लोग इस प्रकार है प्रमोद वर्मा कोषाध्यक्ष जितेश वर्मा बाबू गिडलानी सुरेश जायसवाल अतुल वर्मा यशवंत सिंह चौहान लक्की सिंह चौहान हर्ष सिंह चौहान दिलीप सिंह चौहान राज सिंह चौहान मनोज कश्यप लालू सिंह चौहान अरुण सेन आदि लोग उपस्थित थे।

ग्राम मांठ में निकाली गई कलश यात्रा

खरोरा/नवप्रदेश। समीपस्त ग्राम मांठ में चैत्र नवरात्र व हिन्दू नववर्ष पर ग्राम मांठ के पूर्व सरपंच व भाजपा अ पि व मोर्चा जिला रायपुर ग्रामीण के ज़िला महामंत्री डॉ सुरेंद्र वर्मा के यहाँ श्री मद देवी भागवत का आयोजन रखा गया है जिसका आज प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाला गया। डॉ वर्मा द्वारा पूरे गांव को भगवा झण्डा लगाकर भगवामय कर दिया गया है।भागवताचार्य पंडित श्री चंदन प्रसाद शर्मा पथरी वाले है ,पारायण कर्ता पंडित सतीश पांडे बिल्हा वाले,उपाचार्य पंडित सागर तिवारी व पंडित देवेंद्र तिवारी है । श्री मद देवी भागवत कथा की आयोजन से पूरे गांव में उत्साह का माहौल है।

कनकी में मनाया हिंदू नववर्ष

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम कनकी मे हिंदू नव-वर्ष के पावन बेला मे भव्य मोटरसायकल रैली का आयोजन किया गया। जिसमे सोना वर्मा-जिला पंचायत सदस्य ,अरुण भारद्वाज के नेतृत्व मे मॉ महामाया मंदिर मे पूजा अर्चना कर ग्राम भ्रमण करते हुए मुख्य मार्ग मे ग्राम पाड़ाभाट, भैंसा, सिर्री, बुड़ेरा, केसला एवं खरोरा तक जय श्रीराम के जयघोष के साथ रैली कार्यक्रम की समापन की। रैली कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से अश्वनी पाठक, खड़ानंद वर्मा, ईलक वर्मा, संतोष वर्मा, सोमेश्वर वर्मा, गंगाराम वर्मा, अमीत पाठक, मुकूल वर्मा, मनिष वर्मा, बल्लू वर्मा, होरीलाल, धर्मेंद चौहान, गोलू, ओमप्रकाश वर्मा, डॉ डोमार, डोमार(राजू), विक्की, हरि वर्मा, टोमन, अश्वमी वर्मा, रवि धीवर, प्रवीण क्षत्रिय, चिम्मन, नकुल धीवर, रोजेंद्र, उकेश सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बालिका से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। दिनांक 02.04.2022 के शाम थाना बरमकेला में बालिका अपने परिजनों के साथ थाना आकर थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल को परिजनों के समक्ष बताई की कि गांव के कुशल मानिकपुरी को इसकी मां पूर्व में जमानत कराने के लिये रूपये उधार दी थी जिसे माता पिता के कहने पर कुशल मानिकपुरी के घर मांगने दोपहर करीब 12.00 बजे गई थी । कुशल मानिकपुरी घर में मिला जिसे मां के द्वारा दी गई पैसा को मांगी तो कुशल मानिकपुरी अकेली पाकर बुरी नियत से हाथ को पकड लिया और छेडखानी करने लगा। घर अंदर खिचकर ले जाने लगा । उसकी नियत समझ कर किसी तरह छुडाकर चिल्लाते भागकर वापस आई अपने माता, पिता और गांव के कोटवार और घर आसपास के अन्य लोगों को बताई । एल पी पटेल द्वारा बालिका का महिला उपनिरीक्षक संतरा चौहान के समक्ष एफआईआर दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर थाना बरमकेला में धारा 354, 509 एवं 8, 12 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी के अन्यत्र फरार होने की संभावना को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी थाने के प्रधान आरक्षक शंभु पाण्डेय, आरक्षक नंदु चौहान के साथ आरोपी पतासाजी में रवाना होकर आरोपी कुशल मानिकपुरी (उम्र 25 वर्ष) निवासी बरमकेला को गिरफ्तार किया भेजा गया है । पूछताछ में आरोपी बताया कि इसका निकटतम परिचित अवैध शराब के मामले में पकड़े जाने पर उसके जमानत के लिए बालिका की मां से रुपए लेकर दिया था।

निधन

धरम सिंह वर्मा

खरोरा। ग्राम सोनभट्ठा निवासी धरम सिंह वर्मा का निधन विगत दिनों हो गया उसके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे निखिल वर्मा के पिताजी थे और रामचंद्र वर्मा के पुत्र थे। साथ में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज तिल्दा राज के कोषाध्यक्ष डॉ ओंकार प्रसाद वर्मा के चचेरे भाई थे।

पर्याप्त विद्युत उपलब्ध कराने में राज्य सरकार अक्षम : चंद्राकर

■ **बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से ग्रामीण हलाकान**

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा के जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप लगाया है कि पर्याप्त बिजली आपूर्ति करने में प्रदेश सरकार अक्षम साबित हो रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती के अलावा लो-वोल्टेज से ग्रामीण परेशान है, सबसे ज्यादा देवभोग क्षेत्र में 3 घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। कांग्रेस सरकार सरप्लस बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। वही राजिम विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लगातार बंद होने की शिकायतें मिल रही है। इस सरकार में ऐसी स्थिति निर्मित हो गई है कि गांव, गरीब और किसानों की सुध नहीं ली जा रही है। रबी फसल लगाए किसान भी बिजली संकट से परेशान है।

उन्होंने कहा है कि जिले में भाजपा शासनकाल के दौरान विद्युत व्यवस्था को लेकर जो इंतजाम किया गया था, उसमें एक कदम भी कांग्रेस की सरकार ने कार्य नहीं किया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही विद्युत का संकट गहराता जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की हालत यह है कि लो- वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है, इस समस्या से राजिम विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र भी जुझ रहे हैं। जिला मुख्यालय के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली समस्या व्याप्त है, भाजपा शासनकाल में देवभोग, इंदागाव क्षेत्र में सरप्लस बिजली के लिए सब-स्टेशन की घोषणा करने के साथ ही राशि भी आवंटन की गई थी, लेकिन 3 साल में वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इसमें तेजी से जो कार्य करना था उसमें ध्यान नहीं दिया, इसके चलते आज भी क्षेत्र के लोग पर्याप्त बिजली की सुविधा से वंचित हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा कि जब से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी है, जो वादा आम जनता से कांग्रेस ने किया था, वह पूरा करने में पूरी तरह से असफल हो गई है। यहां तक की कांग्रेस के जनप्रतिनिधि भी समस्या दूर करने के नाम पर ध्यान देना बंद कर दिए है। आम जनता में निराशा और हताशा का वातावरण है, विकास कार्य ठप है।

उभरते कलाकारों ने केएफसी के बकेट कैनवास पर दर्शाईं भारतीय शहरों की विशेषताएं

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में अपने स्वादिष्ट चिकन से लोगों का दिल जीतते हुए और विकास की राह पर आगे बढ़ते हुए, केएफसी इंडिया ने देश भर में 600 रेस्टोरेंट का पड़ाव पार कर लिया है। इस खास मौके पर ब्रांड ने #KFCBucketCanvas अभियान लॉन्च किया है। इस अभियान में देशभर से उभरते कलाकारों को साथ लाया गया, जिन्होंने हर उस शहर जहां केएफसी रेस्टोरेंट है, से प्रेरित होकर केएफसी बकेट के लिए अनूठी डिजाइन बनाई है। भारत के विभिन्न शहरों की कला, वास्तुकला और सांस्कृतिक तत्वों से प्रेरणा लेकर तैयार किए गए ये 150 बकेट सभी केएफसी रेस्टोरेंट में रखे गए हैं। केएफसी के प्रशंसक अपने नजदीकी केएफसी रेस्टोरेंट में इन अनोखे बकेट्स के साथ अपने शहर की खूबसूरती को अनुभव कर सकते हैं। साथ ही about.kfc.co.in/bucketcanvas/ पर इन डिजाइन के पीछे छुपी प्रेरणा और इनको बनाने वाले कलाकारों के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। और तो और, अपने शहर की बकेट डिजाइन आप डाउनलोड और दोस्तों के साथ शेयर भी कर सकते हैं! केएफसी बकेट पर शहरों की खूबसूरती दर्शाने की इस अनूठी पहल पर केएफसी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, मोक्ष चोपड़ा ने कहा, भारत में केएफसी का सफर शानदार रहा है। इस समय 150 से ज्यादा शहरों में 600 रेस्टोरेंट के जरिये ब्रांड सभी को लुभा रहा है। ऐसे में इस पल को यादगार बनाने के लिए, देश के हर कोने से उभरते कलाकारों को साथ लाने से बेहतर क्या हो सकता था। अनूठी केएफसी बकेट उनके लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और 150 खास डिजाइन के साथ देश के अलग-अलग क्षेत्रों की विविधता को दिखाने का कैनवस बन गया है। इन कलाकारों ने हमें आश्चर्यजनक रूप से प्रभावित किया है और हमें खुशी है कि हम ऐसी प्रतिभाओं को सबके सामने लाने का माध्यम बने। हम चाहेंगे कि आप इन शानदार बकेट चित्रकारियों का आनंद अपने नजदीकी केएफसी रेस्टोरेंट पर या ऑनलाइन जाकर जरूर लें।'

इस सफर की शुरुआत विभिन्न शहरों, वहां की लोकप्रिय जगहों, गलियों, खानपान, लोग, भाषा व संस्कृति को खंगालते कलाकारों के साथ हुई। इस तरह उन्होंने शहर की नब्ज को जाना, और फिर इस अनुभव को चित्रकारी के जरिये केएफसी के बकेट पर जीवंत किया। इन डिजाइन में कलाकारों का केएफसी के प्रति प्रेम भी झलक रहा है। नागपुर के लोकप्रिय संतरे से लेकर, दार्जीलिंग के तिकोने पेड़ (कोन ट्री) व टॉय ट्रेन तक, कोलकाता के प्रसिद्ध हावड़ा ब्रिज से कोयंबतूर के केले के बागान तक - बकेट का हर डिजाइन अपने आप में खास है। आपके पास अपने शहर की बकेट डिजाइन को निहारने और दोस्तों से शेयर करने के साथ ही अन्य शहरों की खासियत को जानने का मौका है। इसके लिए बस बकेट के नीचे बने क्यूआर (QR) कोड को स्कैन कीजिए और about.kfc.co.in/bucketcanvas/ पर जाकर सभी 150 डिजाइन का आनंद लीजिए। यहां आप इन प्रतिभाशाली कलाकारों के बारे में विस्तार से जान भी सकते हैं। साथ ही आपको उस डिजाइन के पीछे की प्रेरणा का भी पता चलेगा। बकेट कैनवस कैंपेन के बारे में जानने और आकर्षक कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए केएफसी इंडिया के इंस्टाग्राम पेज: www.instagram.com/kfcindia_official/ को फॉलो करना मत भूलिए।

विंडरजी इंडिया ट्रेड फेयर और सम्मेलन का आयोजन

■ **चौथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला और सम्मेलन 27-29 अप्रैल, 2022, प्रगति मैदान, नई दिल्ली**

रायपुर/नवप्रदेश। जल्द आयोजित होने जा रहा विंडरजी इंडिया 2022 एक मेगा विंड एनर्जी ट्रेड फेयर और सम्मेलन है।जिसे स्वच्छ ऊर्जा के लिए तीव्र माइग्रेशन और पवन ऊर्जा इको सिस्टम को बढ़ाने के राष्ट्रीय संकल्प पर विचार-विमर्श करने हेतु संगठित किया जा रहा है। तीन दिन का यह मेगा विंड एनर्जी कार्यक्रम 27-29 अप्रैल 2022 तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किया जाएगा और इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा के लिए तीव्र माइग्रेशन की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता (कमिटमेंट) को पूरा करने पर सभी का ध्यान केंद्रित करना है, जिसमें पवन ऊर्जा का मुद्दा प्रमुख है। भारत सरकार के विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के माननीय कैबिनेट मंत्री - श्री आर के सिंह, रसायन और उर्वरक मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री - श्री भगवंत खुबा तथा डेनमार्क के राजदूत फ्रेड्डी स्वेन, अन्य कई हस्तियों और उद्योग जगत के दिग्गजों संग इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगें। इस समारोह में 150 से अधिक कंपनियां अपने उत्पाद, समाधान और प्रौद्योगिकी कौशल का प्रदर्शन करेंगी। जिसका लाभ समारोह में उपस्थित सभी लोग लाभ उठा सकते हैं। यह इवेंट 3 दिवसीय प्रदर्शनी और 2 दिनों के गहन विचार-विमर्श के आलावा इसमें भाग लेने वाले लोगों के लिए बेहतर नेटवर्किंग और व्यवसाय का अवसर भी है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने और 2070 तक नेट जीरो एमिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सीओपी-26 (नवंबर 2021) में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए पांच प्रमुख लक्ष्यों का आगाज़ किया था । जिसमें से (1) देश की गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 2030 तक 500 गीगावाट तक बढ़ाना (2) 2030 तक देश की ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त करना (3) अब से लेकर 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी लाना (4) 2030 तक भारत अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन इंटेंसिटी को 45 प्रतिशत से अधिक कम करेगा (5) वर्ष 2070 तक, भारत नेट जीरो एमिशन के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। पवन ऊर्जा उपरोक्त इन सभी उद्देश्यों को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जो क्षमता वृद्धि, विनिर्माण कैपेसिटी और अन्य क्षेत्रों में पहले ही प्रभावशाली प्रगति कर चुकी है। वर्तमान समय में, हमारे देश में कुल स्थापित बिजली क्षमता का 27त्न नवीकरणीय ऊर्जा से आता है, जिसमें से 37.73त्न पवन ऊर्जा (40.13 गीगावाट) द्वारा प्राप्त की जाती है। भारत ने 2022 तक रिन्यूएबल एनर्जी कपैसिटी का 175 गीगावाट तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें सौर ऊर्जा 100 गीगावाट, पवन से 60 गीगावाट, बाकी बची हुई ऊर्जा जैव-शक्ति और हाइड्रोपावर से प्राप्त होगा।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर मनरेगाकर्मी एवं रोजगार सहायक महासंघ

■ वेतनमान निर्धारण के साथ नियमित किए जाने की मांग

■ पूरी नहीं होने तक जारी रहेगी आंदोलन

सुकमा/नवप्रदेश। राज्य भर में मनरेगा कर्मियों ने 4 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इससे पहले छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी एवं रोजगार सहायक महासंघ द्वारा अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया गया है। लेकिन मनरेगा कर्मियों की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के तरफसे अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आया हैं। ऐसे में अब प्रदेश भर के मनरेगा कर्मियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का फैसला लिया है।

मांग पूरी होने तक हड़ताल रहेगा जारी - इसी तारतम्य में सुकमा जिला के जनपद पंचायत छिंदगढ़ के सभी मनरेगा कर्मी एवं रोजगार सहायकों ने सीईओ को ज्ञापन सौंपकर मांग पूरी नहीं होने तक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। मनरेगा अधिकारी, कर्मचारी एवं रोजगार सहायक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जीतन सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 4 अप्रैल से प्रदेश के सभी 28 जिलों के सभी मनरेगा कर्मी (अधिकारी/ कर्मचारी/ग्राम रोजगार सहायक) अनिश्चित कालीन हड़ताल/धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसकी सूचना राज्य कार्यालय को पत्र के माध्यम से दिया जा चुका है। उन्होंने संघ के मांगों के बारे में बताया की चुनावी जनघोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त कर्मियों का नियमितीकरण किया जाना चाहिए। साथ ही नियमितिकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक ग्राम रोजगार सहायक का वेतनमान निर्धारण कर समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी 2 सूत्रीय मांग पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल अनिश्चित कालीन जारी रहेगी। मनरेगा अधिकारी-कर्मचारी एवं रोजगार सहायक महासंघ के प्रवक्ता राहुल देव चंद्राकर ने मनरेगा कर्मियों की मांग को लेकर प्रदेश सरकार को चेताया है। कहा की सभी कर्मियों का नियमितीकरण किया जाए। पहले भी मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन सौंपा गया। लेकिन आजपर्यंत तक मांगो पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इससे सरकार के खिलाफ संघ में नाराजगी हैं।मनरेगा कर्मी अब अनिश्चितकालीन हड़ताल कर धरने पर बैठ गये हैं। इस प्रदर्शन में मनरेगा शाखा के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ रोजगार सहायक भी शामिल है।

गुमशुदा सफीना बेगम की तलाश

सूरजपुर/नवप्रदेश। सफीना बेगम पिता फुल मोहम्मद उम्र 23 वर्ष पता ग्राम नरोला, चौकी रेवटी, थाना चंदौरा जिला सूरजपुर छ0ग0 की निवासी है, जो 22 मार्च 2022 को सुबह 06:30 बजे अपने घर से महुआ उठाने गई थी जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आई है। गुम इंसान का दीमागी हालत ठीक नहीं है।जिसका रंग सांवली, कद 05 फीट, चेहरा गोल, बाल काला, शरीर इकहरा बदन, जिसकी बोली हिन्दी, सरगुजिहा है। पहनावा हल्का पीले रंग का कपडा पहनी है। ग्राम, पास-पड़ोस एवं रिश्तेदारी में पता तलाश किया गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। सूचक की रिपोर्ट पर

गुम इंसान कायम कर पतासाजी में लिया गया है। संबंधित की जानकारी मिलने पर आप अपने अधिकार क्षेत्रांतर्गत में पतासाजी करें। जानकारी मिलने पर थाना चंदौरी, चौकी रेवटी, पुलिस नियंत्रण कक्ष सूरजपुर या पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर को क्रमशः 9479193907, 9425582936, 07775-266501, 07775-266579 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सूचित करे।

स्वा. आत्मानंद शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी मा.वि. नवापारा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

सूरजपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा सूरजपुर, जिला सूरजपुर, छ.ग. में शिक्षा सत्र 2022-23 में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किया जाना है। प्रवेश हेतु विद्यार्थी, अभिभावक ऑनलाईन, आफ्लाइन माध्यम से 05 अप्रैल से 30 अप्रैल 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 1ली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मार्च 2022 की स्थिति में 05 वर्ष 06 माह से 06 वर्ष 06 माह तक के मध्य होनी चाहिए। ऑनलाईन पद्धति से आवेदन हेतु वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश की प्रक्रिया लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. शासन के द्वारा जारी प्रवेश नियमावली के अनुसार होगी। निर्धारित सीट से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से सीट आवंटित की जायेगी। कक्षावार रिक्त सीटों में कक्षा 1ली में 40, 10वीं मे 01, कक्षा 11वी के जीव विज्ञान 20, गणित 20, वाणिज्य 20 एवं कक्षा 12वीं में जीव विज्ञान 05, गणित 11 व वाणिज्य की 04 सीटें रिक्त है।

ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात् निम्नानुसार आवश्यक दस्तावेज आवेदन प्रिंट आऊट के साथ संलग्न कर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा सूरजपुर, जिला-सूरजपुर, (छ0ग0) में 30 अप्रैल 2022 तक समय सुबह 11रू00 बजे से शाम 04.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज - जन्म प्रमाण-पत्र (कक्षा 1ली हेतु), सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र जाति प्रमाण-पत्र, विद्यार्थी एवं अभिभावक का आधार कार्ड, राशन कार्ड (बीपीएल वर्ग हेतु बी0पी0एल0 प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी से बीपीएल सर्वे सूची की सत्य प्रतिलिपी सहित, स्थानांतरण प्रमाण-पत्र मूलप्रति चयन उपरान्त (कक्षा 1ली को छोड़कर), पिछली कक्षा की अंकसूची (कक्षा 1ली को छोड़कर), बैंक पासबुक (विद्यार्थी, अभिभावक),ब्लड ग्रुप, फोटो (03 प्रति) हैं।

आईटीआई सूरजपुर अंतर्गत प्रवक्ता के रूप में कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रशिक्षण सत्र 2022-23 के लिए नोडल क्षेत्र सूरजपुर के अंतर्गत संचालित आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारी के विरूद्ध रिक्त पद हेतु एक वर्ष के लिए निम्न व्यवसाय, विषय में मेहमान प्रवक्ता के रूप में कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल 2022 है। आवेदक कार्यालयीन समय मे संस्था में उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। संस्था प्रेमनगर अंतर्गत डीजल मैकेनिक के 02 पद, वर्कशॉप कैलकुलेशन इंजीनियरिंग ड्रॉइंग के लिए प्रेम नगर एवं चेन्द्रा में 01-01 पद रिक्त है।

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें मोदी सरकार व भाजपा की जन-धन लूट: लालू

बीजापुर/नवप्रदेश। सोमवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में ÷महंगाई मुक्त भारत अभियान÷ के तहत ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने देश में बढ़ती पेट्रोल, डीज़ल, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों की बेलगाम बढ़ती क़ीमतों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस के सभी नेताओं ने एक सुर में मोदी सरकार और भाजपा की ग़लत नीतियों को महंगाई का मुख्य कारण बताते हुए कहा कि देश के प्रधान मंत्री और भाजपा कब तक आम लोगों को उनके मुख्य मुद्दों से भटकाने का काम करेगी आज कमरतोड़ महंगाई ने किसानों, ग़रीबों, आदिवासियों और आम जन को आर्थिक रूप से कमजोर करने में मोदी सरकार और भाजपा ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है जब भी मोदी सरकार और भाजपा नीतियाँ बनाती है ये नीतियाँ केवल मोदी सरकार और भाजपा के उद्योगपति मित्रों और उनके बड़े व्यापारियों के लाभ के लिए ही बनाती है।

ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने मई 2014 से 04 अप्रेल 2022 के मध्य पेट्रोल/डीज़ल के बड़े हुए मूल्यों को ÷मोदी सरकार का जन-धन लूट÷ करार देते हुए एक चार्ट भी जारी किया जिसमें उन्होंने मई 2014 पहले स्कूटर/बाइक- 714, कार- 2856, ट्रैक्टर- 2749 और ट्रक- 11456 रुपए में टैंक फुल भर जाता था पर 4 अप्रेल 2022 की स्थिति में स्कूटर/बाइक- 1038, कार- 4152, ट्रैक्टर- 4563 और ट्रक- 19014 रुपए में टैंक फुल हो रहा है। जबकि क्रूड आइल मई 2014 से पहले 108.05 डालर प्रति बैरल था जबकि आज अर्थात् 04 अप्रेल 2022 की स्थिति में 99.42 डालर प्रति बैरल है बावजूद इसके पेट्रोल/डीज़ल के क़ीमतों में बेतहाशा वृद्धि क्यू?

उपस्थित लोगों को ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, ज़िला पंचायत सदस्य एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की सदस्य नीना रवतियाउद्दे, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रवतिया, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, युवा कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष एजाज़ सिद्दीक़ी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने सम्बोधित किया कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि मनोज अवलम एवं ज़िला महामंत्री व विधायक प्रतिनिधि सुखदेव नाग ने आभार प्रकट किया।

इस दौरान ज़िला पंचायत सदस्य संत कुमारी मंडावी, सांसद प्रतिनिधि वेणु गोपाल राव, ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लच्छु राम मौर्य, मंगल राना, रमेश यालम, सुकलु पुनेम, ज़िला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रितेश दास, वरिष्ठ पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि प्रवीण डोंगरे, सहदेव नेगी, सीता राम माँझी, सोनू पोटाम, महेश हेमला, आयतु हेमला, वासम रामाराव, पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पहाड़ी माई मंदिर में चैत्र नवरात्र में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामानुजगंज जिले के प्रमुख धर्म स्थलों में एक नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित पहाड़ी माई मंदिर में चैत्र नवरात्र में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़ के मद्देनजर व्यवस्था का जायजा लेने रविवार की देर शाम कलेक्टर कुंदन कुमार पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को तलब कर श्रद्धालुओं की सुविधा अनुसार व्यवस्था बनाए जाने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए।

गौरतलब है कि नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित पहाड़ी माई मंदिर में वर्ष भर श्रद्धालु यहां मत्था टेकने पहुंचते हैं चैत्र नवरात्र में एवं शारदीय नवरात्र में तो भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ता है चैत्र नवरात्र में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के मध्य नजर रविवार की देर शाम पहाड़ी माई मंदिर पहुंचे कलेक्टर कुंदन कुमार ने पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया वही मंदिर के मुख्य पुजारी से भी चर्चा कि। कुंदन कुमार ने एसडीएम गौतम सिंह एवं तहसीलदार विनीत सिंह को यहां पर श्रद्धालुओं के सुविधा के मद्देनजर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए वहीं पेयजल व्यवस्था भी सुचारू रूप से यहां उपलब्ध हो इसके लिए व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए। कुंदन कुमार ने कहा कि चैत्र नवरात्र में जिले के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो साथ ही पेयजल व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त हो जिसके मद्देनजर इसका जायजा लेने हम लोग यहां पहुंचे थे। कलेक्टर ने मौके पर एसडीएम गौतम सिंह एवं तहसीलदार विनीत सिंह को तलब कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शहीद के प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण

जगदलपुर/नवप्रदेश। विधायक लखेश्वर बघेल प्रतिमा का अनावरण करते हुए भावक हो कर कहा कि 15 अगस्त 2021 को स्वंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ग्रामवासी, जनप्रतिनिधियों, एवं पुलिस, कर्मचारियों द्वारा शहीद स्व. श्रवण कुमार कश्यप की वीरता व बलिदान का स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दिए थे। आज देखते देखते एक वर्ष पूर्ण हो गया। उनके परिजनों को इस दुःखद घड़ी में सहनशक्ति हेतु भगवान से प्रार्थना करता हूं। शहीद प्रतिमा अनावरण में कई गांव के लोग देर रात तक उपस्थित होकर नारे लगाते हुए कहा कि ज़ब तक सूरज चाँद रहेगा, श्रवण तेरा नाम रहेगा। श्रवण कश्यप अमर रहे के नाम से पूरा गांव गूंज उठा।

बस्तर विधायक ने स्व श्रवण कश्यप की प्रतिमा अनावरण करने के पश्चात् ग्रामवासियों के लिए विभिन्न कार्यों की घोषणा की। ग्राम बनियागांव में माता मंदिर दो जगहों के लिए 5-5 लाख रूपये, और बोरिंग दो नग दो पाराओं के लिए घोषणा की। स्व श्रवण कश्यप के नाम से एक स्कूल बनाने के भी घोषणा की है। ग्रामवासियों में काफ़ी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया।

उक्त कार्यक्रम में जिसमें विधायक प्रतिनिधि जानकी राम भारती, जिला उपाध्यक्ष मधु निषाद, सरपंच आयतु राम भारती, सरपंच भंवरलाल, राजेश कुमार, बृज रामनारायण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार देने के मामले में आमाकोनी पूरे जिले में पहले स्थान पर

■ जिले में 18 हजार से ज्यादा परिवारों को मिला सौ दिन का रोजगार

चांपा/नवप्रदेश। कोरोना काल में मनरेगा योजना ने ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों तथा प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार और आजीविका के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत परिवारों को 2021- 22 में 100 दिन रोजगार देने के मामले में जांजगीर चांपा जिले के 643 ग्राम पंचायतों में जैजैपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत आमाकोनी पहले स्थान पर हैं। जहां 307 कुल कार्यरत परिवारो में रिकॉर्ड 137 परिवारों को 100 दिन का रोजगार दिया गया हैं। जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकोनी में एक वर्ष में 307 परिवारो को 22056 मानव दिवस रोजगार उपलब्ध कराया गया हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार ने श्रमिकों के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए पहल की जिससे प्रेरित होकर ग्राम पंचायत आमाकोनी के युवा सरपंच परदेशी खूंटे ने अपने ग्राम पंचायत में मनरेगा के रिकार्ड कार्य स्वीकृत कराएं। परिणाम स्वरूप ग्राम पंचायत में विकासात्मक कार्य शुरू हुआ और पूरे साल लोगों को रोजगार मिलता रहा जिससे ग्रामीणों को निरंतर आय के स्त्रोत मिला जिससे लोगों को फायदा हुआ।

पूरे जिले में 18 हजार से ज्यादा परिवारों को मिला 100 दिन का रोजगार

जिले में सत्र 2021 22 में कुल 18143 परिवारों को 100 दिन का रोजगार मिला तो वही 6861715 मानव दिवस कार्य हुआ जिसमे जांजगीर चांपा जिले के जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकोनी मनरेगा के तहत 100 दिनों का रोजगार देने के मामले में पहला स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल किया। वहां दूसरे स्थान पर पामगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत हिररी रहा जहां 136 परिवारों को सौ दिन का रोजगार मिला। अकलतरा ब्लाक के बम्हनी तीसरे स्थान पर रहे जहां 134 परिवारों को 100 दिन का रोजगार मुहैया कराया गया।

> मनरेगा कार्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के कार्यों को सम्मिलित किया गया है ताकि इन कार्यों में लगे व्यक्तियों को निरंतर कार्य प्रदान किया जा सके। इसमें कच्ची सड़क निर्माण, डबरी निर्माण कार्य, नया तालाब निर्माण, गौठान निर्माण, जल संचयन टैंक, डाईक निर्माण कार्य शामिल हैं। पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त करना गौरव की बात हैं।
>
> **परदेशी खूंटे** सरपंच
> ग्राम पंचायत आमाकोनी

शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

सूरजपुर/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला सूरजपुर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आमजनों, सहकारी समितियों, वृहद आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय स्वशासीय निकाय को सूचित किया जाता है कि विकासखण्ड सूरजपुर अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान तिलसिवां, बृजनगर, मंजिरा व कल्याणपुर का नवीन एजेंसी नियुक्त किया जाना है।

ंचालन के इच्छुक संस्था 18 अप्रैल 2022 तक कार्यालयीन समय शाम 05:30 बजे तक संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में संस्था के प्रस्ताव एवं अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

23वीं यूथ नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ी चंद्रवती राजवाडे, अमिषा राजवाडे व अनुष्का का चयन

सूरजपुर/नवप्रदेश। वॉलीबाल फेडरेषन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 23 वीं यूथ नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता 2022 का आयोजन रूद्रपुर, उत्तराखंड में उत्तरांचल वॉलीबाल एसोसिएषन के द्वारा दिनांक 11 से 16 अप्रैल 2022 को आयोजित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला व पुरूष टीमें भाग लेंगी, जिसमें जिले की 3 बालिका खिलाड़ी चंद्रवती राजवाडे, अमिषा राजवाडे व अनुष्का का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 5 से 9 अप्रेल 2022 को भिलाई, छत्तीसगढ़ में किया गया था, उक्त चयन ट्रायल में छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों के हजारो की संख्या में महिला व पुरूष खिलाडियों ने भाग लिया था। जिले के तीनों बालिका खिलाडी चंद्रवती राजवाडे, अमिषा राजवाडे व अनुष्का का चयन ट्रायल में अपने बेहतरीन खेल कौषल के दम पर किया गया है। चयनित तीनों बालिका खिलाड़ी आगामी तिथि को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ी चन्द्रवती राजवाड़े के कोच व षिक्षक श्री मोतीलाल सिंह प्रभारी प्रचार्य, शा.उ.मा.वि.डेडरी जो कि स्वयं वॉलीबॉल के राष्ट्रीय रेफ्री है ने बताया कि चंद्रवती राजवाड़े पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलते हुए अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन कर चुकी है। चंद्रवती राजवाडे पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ व 24 से 28 मार्च 2022 को प्रधानमंत्री कप प्रतियोगिता नेपालगंज, नेपाल में आयोजित अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलते हुये राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसी प्रकार अमिषा राजवाड़े व अनुष्का के कोच श्री दिनेष साहू प्रभारी प्रधान पाठक, शा.प्रा.शाला सुंदरगंज व वॉलीबाल के राष्ट्रीय रेफ्री ने अपने दोनो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये बताया कि अमिषा राजवाडे ने अंडर 14 राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता तेलंगाना, अंडर 17 राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता कोलकाता, अंडर 19 राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता तमिलनाडु, ओपन सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजस्थान व यूनिवर्सिटी चैम्पियनषिप ओडिषा में प्रतिनिधित्व की है। इसी प्रकार कुमारी अनुष्का ने भी राष्ट्रीय ओपन चैम्पियनषिप गुजराज, अंडर 14 राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता मध्यप्रदेष, अंडर 17 राष्ट्रीय स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता महाराष्ट्र, राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता आंध्रप्रदेष व यूनिवर्सिटी चैम्पियनषिप ओडिषा में राज्य की टीम से खेलते हुये प्रदेष का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। जिले के इन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर में चयनित होने पर जिले के प्रभारी खेल अधिकारी श्री शबाब हुसैन व खिलाड़ियों के कोच श्री मोतीलाल सिंह व दिनेष साहू ने बधाई देते हुये अच्छे प्रदर्शन के लिये अग्रिम शुभकामनां प्रदान की। तीनो खिलाड़ियो के चयन होने पर पूरे जिले में हर्ष व्याप्त है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ मॉडल ने ...

गिरावट आई है। 2 अप्रैल 2022 की स्थिति में सीएमआईई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक बेरोजगारी दर हरियाणा में 26.7%, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में 25-25%, झारखंड में 14.5%, बिहार में 14.4%, त्रिपुरा में 14.1% और हिमाचल प्रदेश में 12.1 फीसदी है।

मंदिर में दूल्हे की हो ...

शादी हो रही थी। इसी दौरान एक महिला कुछ लोगों को लेकर पहुंची और हंगामा शुरू कर दिया। आते ही महिला ने दूल्हा बने सोम प्रकाश का कॉलर पकड़ लिया। विवाद बढ़ा और फिर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। मंदिर परिसर में मारपीट और हंगामा होते देख सब सकते में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। दोनों पक्षों को समझाया गया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद सभी को थाने लाया गया, जहां इस पूरे विवाद की कहानी सामने आई।

सामाजिक बैठक में ...

बुलाई गई, पर कोविड प्रोटोकॉल व दामिनी के परिजनों के पॉजिटिव होने के चलते वे नहीं जा सके। उन्होंने इसकी सूचना भी महासभा को दी, पर उन्होंने 28 दिसंबर को ससुराल वालों के पक्ष में निर्णय सुना दिया। बहरहाल इस मामले में दोनों पक्षों को काफी समझाने के बाद भी नहीं मानें तो दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीजेपी दफ्तर में कार्यकर्ता ...

पिता का निधन, आर्थिक स्थिति खराब... कोतवाली थाने में पीड़िता द्वारा किए गए लिखित शिकायत के मुताबिक, वह महिला भाजपा की सदस्य है (आरोप लगाने के बाद निष्कासित हो चुकी)। विगत कुछ समय पहले उसके पिता का निधन हो गया। इससे घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। अपनी घरेलू परिस्थितियों से पीड़िता ने भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल को अवगत कराया। इसके बाद अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय में अकेले आकर मिलने कहा।

पहुंच का दिया ...

तक पीड़िता चुप रही, लेकिन अन्य एक कार्यकर्ता के साथ इस तरह का मामला सामने आया, उसने बीजेपी के उच्च पदाधिकारियों के सामने अपनी बात रखीं तो पीड़िता की भी हिम्मत बढ़ गई और भी अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंची।

चारा घोटाला: लालू ...

उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी। यहां भी कोर्ट ने इस आधार पर जमानत दी थी कि प्रसाद अपनी जेल की आधी सजा काट चुके हैं।

पहले, यादव को दुमका कोषागार, चाईबासा कोषागार और देवघर कोषागार से धोखाधड़ी से पैसा निकालने के मामले में दोषी ठहराया गया था। साल 2019 में उन्हें देवघर मामले में जमानत मिल गी थी। वहीं, चाईबासा कोषागार से जुड़े दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। फिलहाल, राजद प्रमुख रांची को विशेष अदालत ने धोखाधड़ी से 139.35 करोड़ रुपये की निकासी मामले में 5 साल की सजा सुनाई और 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

जिला अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा

■ अब नहीं जाना होगा बाहर

कांकेर/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय कांकेर में अधोसंरचना निर्माण के साथ-साथ सुविधाओं का भी लगातार विस्तार हो रहा है, विशेषज्ञ डाक्टरों की पदस्थापना हुई है, जिसके सुखद परिणाम देखने को मिल रहा है। जिला चिकित्सालय कांकेर में गृह जिला कांकेर के अलावा कोंडागांव, नारायणपुर और ओडिशा के मरीज भी अपने इलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर आते हैं। सिविल सर्जन डॉ आरसी ठाकुर ने बताया कि जिला चिकित्सालय की ओपीडी प्रतिदिन 300 से 350 तक हो गई है, उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में एक्स-रे , सोनोग्राफी और सिटी स्कैन की भी सुविधा उपलब्ध है, जिसमें बीपीएल परिवारों के मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया जाता है तथा एपीएल परिवारों से निर्धारित शुल्क लिया जाता है। डॉ ठाकुर ने बताया कि जिला चिकित्सालय कांकेर में हमर लैब भी स्थापित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार के जांच होंगे।

सिविल सर्जन डॉ ठाकुर ने कहा कि जिला चिकित्सालय में सिटी स्कैन की सुविधा से गरीब परिवार के मरीजों को बहुत राहत मिली है, वर्ष 2021 के अप्रैल माह से अब तक लगभग दो हजार मरीजों का सी.टी. स्कैन जिला चिकित्सालय में किया जा चुका है, अप्रैल माह में 238,मई में 193, जून में 133, जुलाई में 127, अगस्त 138 , सितंबर 141 , अक्टूबर 132 , नवंबर 114 , दिसंबर में 128 मरीजों का सीटी स्कैन किया गया । इसी प्रकार वर्ष 2022 के जनवरी माह में 108, फरवरी में 191 तथा मार्च माह में 180 मरीजों का सीटी स्कैन किया गया है। सीटी स्कैन के लिए गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले मरीजों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता।

रोजगार सहायक व मनरेगा कर्मी हड़ताल पर बैठे

रामानुजगंज/नवप्रदेश। जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के अंतर्गत 91 ग्राम पंचायत के 81 रोजगार सहायक एवं 18 मनरेगा अधिकारी कर्मचारी आज से अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर जनपद कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। विकासखंड के सभी मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से मनरेगा कार्य ठप पड़ जाएंगे वहीं मनरेगा मजदूरों की मजदूरी भुगतान भी लंबित होंगे मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों में अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखी पूरे विकासखंड से रोजगार सहायक उपस्थित रहे वहीं मनरेगा अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

मनरेगा महासंघ रामचंद्रपुर ब्लॉक के अध्यक्ष गोकुल नंद जयसवाल ने कहा कि हम सब मनरेगा कर्मचारियों की 2 सूत्रीय मांगें जायज हैं। शासन को अविलंब इसे मान लेना चाहिए श्री जायसवाल ने कहा कि चुनावी जंग घोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त मनरेगा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जावे वही नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक ग्राम रोजगार सहायकों का वेतन मान निर्धारण करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1996 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू की जावे। महासंघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष चंचला जयसवाल ने कहा कि जब तक हम सबकी मांगे पूरी नहीं होती हैं तब तक हम लोग इसी प्रकार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे। इस दौरान अरविंद खलखो, रूबेन एक्का, सूर्यदीप जयसवाल, रामपुकार यादव, वीरेंद्र यादव, राजेश कुशवाहा, मेवा प्रसाद ,अजीत, प्रवीण कुजुर सुदामा यादव, राजकुमार सिंह, देवन यादव,पंकज कश्यप,दिनेश यादव सहित सभी मनरेगा अधिकारी कर्मचारी एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

40 डिग्री तापमान में बच्चे भी रखे रहे रोजा

कांकेर/नवप्रदेश। कोरोना महामारी के दो साल बाद मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा पर्व माहे रमज़ान मुबारक खुशियां लेकर आया है। दो साल बाद खुशियों और बरकत का महीना माहे रमजानुल मुबारक हर मुस्लिम समाज के लिए बेहद उत्साह उमंग लेकर आया है। और माहे रमजान मुबारक का महीना भीषण गर्मी में शुरू हुआ है। तापमान 40 के बाबजूद मुस्लिम समाज के आस्था को डगमगा नहीं पाया।

3 अप्रैल को माहे रमज़ान मुबारक का पहला रोजा करीब 14 घंटे के आसपास का रहा। इस भीषण गर्मी के बावजूद मुस्लिम समाज के नन्हें रोजेदार बच्चे जिनकी उम्र महज 6 से 7 साल की थी उन बच्चों ने रमजान का पहला रोजा रखा। इन नन्हें रोजेदार बच्चो में 1सैय्यद आतिफअली 7 साल पिता सैयद आदिल अली 2 मोहम्मद अली रज़ा छोगारा 7 साल पिता इशराक छोगारा 3 अलीना बानो 6 साल पिता मोहम्मद एजाज छोगारा 4 मलिहा बानो 10 साल पिता मोहम्मद इशराक छोगारा ने 14 घंटे का रोजा पूरा किया ।

जिला पटवारी संघ के जय कश्यप बने अध्यक्ष

कांकेर/नवप्रदेश। 2 अप्रैल 2022 को पटवारी अध्यक्ष जिला संघ शाखा कॉकर का निर्वाचित पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हुआ। वृत्तीय कार्यकारिणी में वीरेंद्र बेस व जीवराखन कश्यप निवासी धमतरी निवासी उपाथित रहे।

चुनाव की समस्त प्रक्रिया न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर में संपन्न हुआ। चुनाव की प्रक्रिया में निर्वाचन के चार उम्मीदवार का नाम शामिल किया गया है। जिसमे यामिनी नेताम जयकरण आशीष पवार नरेश शोरी के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।दो उम्मीदवार यामिनी नेताम व नरेश शोरी के हारा नामांकन वापस लिया गया। निर्वाचन हेतु कुल 119 मत डाले गये जिसमे जय कश्यप बे 87 मत प्राप्त हुये ।आशीष पवार को 31 मत प्राप्त हुये जबकि 04 मत विरस्त हुआ 7 जय कश्यप को 56 मतों से विजय घोषित किये गये। कार्यक्रम का संचालन विरेन्द्र बैस के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन राकेश यादव तहसील अध्यक्ष के द्वारा दिया गया है।

जेईई नीट के लिए नि: शुल्क कोचिंग

कांकेर/नवप्रदेश। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिला के विद्यार्थियों को निःशुल्क जेईई एवम नीट की कोचिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु आकाश बायजूस से समन्वय कर जिले के 200 छात्र छात्राओं की मेरिट सूची तैयार की गई थी। जिसके लिए 4 अप्रैल को शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित जेईई- 73 एवं नीट 107 कुल 180 छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें छात्रों ने उक्त परीक्षा के टॉप 40 विद्यार्थियों को मुफ्त में आकाश बायजूस के माध्यम से जेईई और नीट परीक्षा की कोंचिग दी जावेगी।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

■ **भाजपा का चुनावी वादा केवल झूठ का पुलिंदा: हरीश**

सुकमा/नवप्रदेश । लगातार देश में पेट्रोल डीजल गैस व रोजमर्रा की जरूरत सामानों के बढ़ते दामों के विरोध में सुकमा में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ एक दिवसीय रैली व धरना प्रदर्शन किया।सामानों की बढ़ती कीमतों के लिए कांग्रेस ने मोदी व केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया।कहा की देश में महंगाई की मार से आम जनता काफी मुश्किलों का सामना कर रहा है। बीजेपी सब भूल गयी, भाजपा ने कहा था अच्छे दिन आएंगे। लेकिन आमआदमी महंगाई से परेशान हैं। युवाओं के पास रोजगार नहीं। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।नोट बंदी करके देश की जनता को परेशान किया गया।तो फिर अच्छे दिन कहा गए सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने केंद्र की भाजपा सरकार को तंज कसते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में जबसे कांग्रेस का सरकार बना है। तब से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। युवाओं को रोजगार मिला। छत्तीगढ़ में सभी सभी वर्ग सरकार की रीति नीति से खुश हैं।जिस दिन केंद्र में हमारी सरकार होगी उस दिन आमजन को आज के मुकाबले महंगाई दरों में बदलाव नजर आएंगे। और आमजन को राहत मिलेगी चूंकि कांग्रेस की सरकार आमजन की सरकार हैं।

केंद्र की सरकार नींद से जागते रहेगा कांग्रेस

वही पूरे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरीश कवासी ने कहा कि पांच राज्यों में चुनाव संपन्न होते ही लगातार रोजाना पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहें हैं । महंगाई इतनी बढ़ गयी हैं, कि आम आदमी त्रस्त हैं, उनके लिए रोजमर्रा के सामान खरीदना मुश्किल हो रहा हैं लेकिन ऐसा लग रहा हैं की केंद्र सरकार गहरी नींद में सो रही हैं।लेकिन कांग्रेस पार्टी केंद्र की सरकार को जगाने का काम हमेशा करता रहेगा।इस कार्यक्रम के दौरान सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी,नगर पालिका सुकमा अध्यक्ष राजू साहू,जिला कांग्रेस अध्यक्ष माहेश्वरी बघेल व सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 9 अप्रैल को

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 09 अप्रैल 2022 को प्रस्तावित है। दंतेवाड़ा मुख्यालय में शा0उ0मा0वि0 दंतेवाड़ा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था किंतु उक्त संस्था में छ0ग0 बोर्ड परीक्षा का मुल्यांकन केन्द्र बनाये जाने के कारण वर्तमान में परीक्षा केन्द्र संशोधित करते हुए शा0उ0मा0वि0 दंतेवाड़ा के स्थान पर डी. ए. व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पातररास दंतेवाड़ा को उक्त परीक्षा आयोजन हेतु केन्द्र बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश कर्मा ने विकासखण्ड दंतेवाडा अंतर्गत वे बच्चे जिनका परीक्षा केन्द्र शा0उ0मा0वि0 दंतेवाड़ा था उन तक विभिन्न माध्यमों से परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की सूचना पहुंचाने का प्रयास किया है।

48 वाहनों का काटा चालान, 17 हजार रुपए समन शुल्क वसूला

कांकेर/नवप्रदेश। बीते कुछ दिनों से लगातार तीज त्यौहार के चलते व यातायात प्रभारी के स्थानांतरण के बाद नवनियुक्त कांकेर यातायात प्रभारी महेश साहू के चार्ज लेते ही शहर के भीतर और शहर से सटे इलाकों में बेहतर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए लगातार समझाइश के बाद चालानी कार्यवाही शुरू हो गई है। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देश एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.एन.बघेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ अनुराग झा एवं अनुविभागीय अधिकारी डॉक्टर चित्रा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिला कांकेर में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए 4 अप्रैल सोमवार को यातायात प्रभारी महेश साहू एवं उनकी टीम द्वारा नाथियांवगावँ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट तीन सवारी के विरुद्ध चालानी कार्यवाही किया गया ।कुल 48 वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाएं जाने पर चालानी कार्यवाही कर कुल 17000-00 /- समन शुल्क वसूल किया गया।

> आज की कार्यवाही के बाद शहर में बेतरतीब तरीके से खड़ी वाहनों के अलावा नो पार्किंग में वाहन खड़ी मिलने पर तेज रफ्तार प्रेशर हॉर्न बिना लायसेंस वालों पर चलानी कार्यवाही होगी।
>
> **महेश साहू**
> यातायात प्रभारी कांकेर

पानी टैंकर के लिए राशि स्वीकृति

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश।,द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत दन्तेवाड़ा विधायक देवती महेन्द्र कर्मा के अनुशंसा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंर्तगत (विधायक निधि) वर्ष 2021-22 में प्राप्त आबंटन राशि से अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग कटेकल्याण द्वारा दी गई प्राक्कलन में तकनिकी स्वीकृति के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटेकल्याण को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त करते हुए दन्तेवाड़ा विकासखण्ड अन्तर्गत मालसनार, दाबपाल, डूमाम, जारम, मुस्केल, गमावाड़ा, बेनपाल, पोन्दुम-2, नेरली, दुगेली, विकसखण्ड गीदम अन्तर्गत कांउरगांव, तुमरीगुण्डा, चेरपाल, बड़ेकरका, हांदावाड़ा, मोफ्लनार, उपेट, कुंडेनार, विकासखण्ड कुआकोण्डा अन्तर्गत खुटेपाल, रेगांनार, टिकनपाल, कटेकल्याण विकासखण्ड अन्तर्गत पखनाचुंआ, ऐड़पाल/डोडपाल, छोटे गुडरा, तुमकपाल, बेंगलुरू, लखारास, मथाड़ी, जंगमपाल में पानी टैंकर प्रदाय करने हेतु 54 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

गौठानों में पहुंचकर व्यवस्थित संचालन की समीक्षा करेंगे नोडल अधिकारी

समूह की महिलाओं से आजीविका गतिविधियों पर करेंगे चर्चा, कलेक्टर की नई पहल

कोरिया/नवप्रदेश । कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित मंथन सभाकक्ष में पंचायत के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक में निर्धारित कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी तथा गोधन न्याय योजना शासन की प्राथमिकता की योजनाएं हैं। उन्होंने बैठक में समस्त सीइओ जनपद पंचायत को गौठानों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी बुधवार से सभी गौठानों में ष्हमर गौठान हमर गोठष् कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी जिसके तहत नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायेंगे। ये नोडल अधिकारी जिले में अपने प्रभार के गौठानों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही गौठानों में संलग्न स्व सहायता समूह की महिलाओं से आजीविका गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। उनकी समस्याओं के विषय में बात कर समाधान के लिए जनपद व जिला स्तर पर अवगत कराएंगे।

कलेक्टर ने बैठक में गोबर खरीदी के विषय मे जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि सभी गौठानों में गोबर खरीदी विक्रेताओं के लिए सुविधाजनक एवं व्यवस्थित ढंग से हो। उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूहों के द्वारा गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि गोबर खरीदी, वर्मी एवं सुपर कम्पोस्ट खाद निर्माण और विक्रय को कार्ययोजना अनुरूप सुनिश्चित करें।

जिले में क्लस्टर स्तरीय बकरी एवं बकरा क्रय-विक्रय हाट बाजार आयोजन-बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबन्धक को निर्देश देते हुए कहा कि गौठानों में वर्मी खाद निर्माण में संलग्न स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा करें और वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट के निर्माण, विक्रय और भुगतान की जानकारी लेकर जिला स्तर पर अवगत कराएं। उन्होंने गौठानों में संचालित आजिविका गतिविधियों की जानकारी लेते हुए जिले में मशरूम उत्पादन को विकसित करने के निर्देश दिए। बकरी शेड निर्माण की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि अगली समीक्षा बैठक में गौठानवार जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक में बताया गया कि 6 अप्रैल से जिले में क्लस्टर स्तरीय बकरी एवं बकरा क्रय-विक्रय हाट बाजार आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के मल्टीएक्टिविटी सेंटर में संचालित गतिविधियों की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पेयजल, बिजली, राशनकार्ड जैसे महत्वपूर्ण समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें-बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर समाधान तुंहर दुआर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में मिल रहे आवेदनों का जल्द निराकरण कर पंचायत सचिव, एवं रोजगार सहायक के माध्यम से ग्रामपंचायत वार निराकृत आवेदनों के संबंध में हितग्राहियों को निराकरण की सूचना दी जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल, बिजली, राशनकार्ड जैसे महत्वपूर्ण समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित विभाग पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में श्री शर्मा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए सामुदायिक शौचालयों की स्थिति में सुधार किए जाने के निर्देश दिए गए एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने समय सीमा में सभी हैंडपम्प सुधार किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायत को सार्वजनिक आवाजाही वाले स्थानों में प्याऊ हेतु पानी के मटके की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कार्य में लापरवाही पर ईई सीएसईबी को नोटिस जारी करने के निर्देश - कलेक्टर शर्मा ने कार्य में लापरवाही पर ईई सीएसईबी को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। पिछले दिनों ग्राम पंचायत करवा में 2 वर्ष से खराब ट्रांसफर्मर की शिकायत संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने कड़ी फ्टकार लगाई और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

हॉस्पिटल वाली गाड़ी से अब चिकित्सा सुविधा का विस्तार, चौखट पर ही मिलेगी स्वास्थ्य सेवा

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा में बीते दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को उनके चौखट पर ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायतों के लिए 60 मोबाइल मेडिकल यूनिट को रवाना किया था। जो अब सुकमा पहुंच चुकी है। जिसे आज सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने जनप्रतिनिधियों संग हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत इस मोबाइल मेडिकल यूनिट से लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। जिले में नगरपालिका परिषद सुकमा सहित नगर पंचायत दोरनापाल और कोंटा में हॉस्पिटल वाली गाड़ी से डोर टू डोर पहुँचकर स्वास्थ्य अमला स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करेगा।

इस अवसर पर हरीश कवासी ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा निरंतर प्रयास जारी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को सही समय में स्वास्थ्य लाभ मिले इसके लिए मंत्री कवासी लखमा कटिबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास हो रहें हैं। इसी उद्देश्य के साथ मुख्यमंत्री ने सुकमा जिले वासियों को यह सौगात दी है। नपा अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने कहा कि शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना से ऐसे लोगों को स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित होगा जो अस्पताल तक नहीं पहुँच पाते, अब उन्हें घर बैठे ही स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

छत्तीसगढ़ छोड़कर तेलंगाना-आंध्रप्रदेश गए लोगों को फिर से बसाएगी भूपेश सरकार

■ **पुनर्वास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाएगा, नक्सलियों से तंग आकर दूसरे प्रदेश चले गए लोग**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सलवा जुडूम के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा से विस्थापित कर तेलंगाना और आंध्रप्रदेश गए छत्तीसगढ़ के लोग यदि वापस आना चाहते हैं, तो राज्य सरकार उनका दिल से स्वागत करने को तैयार है। कार्ययोजना बनाकर उनके पुनर्वास के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जाएगा। सीएम ने अपने निवास कार्यालय में तेलंगाना से आए छत्तीसगढ़ के लोगों के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा कर रहे थे। इस प्रातिनिधि मंडल में शामिल लोग सलवा जुडूम के दौरान छत्तीसगढ़ के सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले से विस्थापित हो कर तेलंगाना चले गए थे। उद्योग मंत्री कवासी लखमा, छत्तीसगढ़ राज्य अनसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह उपस्थित थे। सीएम से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उनसे किसी उपयुक्त स्थान में बसने और कृषि के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर कहा कि छत्तीसगढ़ वापस आने के इच्छुक लोगों को जमीन देने के साथ उन्हें राशन दुकान, स्कूल, रोजगार सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। इस अवसर पर गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी उपस्थित थे।

छोटे बच्चों के लिए शुरू होगा स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश में नर्सरी स्कूल

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों को निर्धारित अवधि में निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा बच्चों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल दाऊपारा मुंगेली में छोटे बच्चों के लिए इंग्लिश माध्यम की नर्सरी स्कूल शुरू की जाएगी। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गौठानों को मल्टीएक्टीविटी सेंटर के रूप में विकसित कर स्वसहायता समूह की महिलाओं को आयमूलक गतिविधियों से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूह की महिलाओं की आयमूलक गतिविधियों सहित गौठानों में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी हेतु 07 अप्रैल को अधिकारियों का गौठान पहुंच कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने गौठान पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत नियुक्त अधिकारियों को गौठान पहुंचकर संसाधनों की उपलब्धता और स्वसहायता समूह की महिलाओं की आयमूलक गतिविधियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने शालाओं में पेयजल सहित शौचालय के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शालाओं में निर्मित शौचालयों को मॉडल शौचालय के रूप में परिवर्तित करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बाड़ी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित सब्जी, भाजी का उपयोग शालाओं, छात्रावासों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले में कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु 12 से 14 वर्ष के बच्चों में किए जा रहे टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की और प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में गोधन न्याय योजनांतर्गत गौठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का अल्पकालीन कृषि ऋण से उठाव एवं वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने खरीफ फसल के लिए 01 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को उनकी मांग के अनुरूप तथा 01 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को 01 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट अथवा सुपर कम्पोस्ट शून्य प्रतिशत ब्याज पर वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी व्यजनों जैसे चौसेला, चीला, ठेठरी आदि को बढ़ावा देने के लिए जिले में गढ़ कलेवा का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने गढ़ कलेवा के भवन निर्माण और खाद एवं बीज की उपलब्धता, राजस्व विभाग तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरण, गोबर खरीदी एवं भुगतान, राजीव युवा मितान क्लब का गठन, कृषकों को जारी केसीसी, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के संचालन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।

रोजगार को लेकर भटक रहे ग्रामीण दूसरे राज्यों में पलायन करने मजबूर

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले में बहेराडीह एक ऐसा गांव है। यहां के ग्रामीणों को हर साल गांव में मनरेगा के तहत गांव में काम करने की मांग करनी पड़ती है। बलौदा ब्लॉक अंतर्गत जाटा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराडीह में करीब पंद्रह दिन पहले ग्रामीणों की मांग पर शासकीय बहेरा तालाब का गहरीकरण का काम शुरू हुआ था। तालाब का कुछ दिन गहरीकरण का काम कराया गया। उसके बाद अचानक काम बंद कर दिया गया। करीब पंद्रह दिन बीत गए मजदूर अपने घर पर बैठे हैं। वहीं अब यहां के ग्रामीण रोजगार की तलाश में शहर की ओर कूच कर रहे हैं। 31 मार्च को बलौदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नेहा सिंह बहेराडीह पहुंची। ग्रामीणों ने गांव में रोजगार गारंटी का काम शुरू करने की मांग की। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जपं सीईओ ने चारागाह में डबरी निर्माण मनरेगा के तहत प्रस्ताव जनपद को भेजने सचिव जमुना सिंह नेताम को निर्देशित किया। पिछले साल ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए बड़े मुश्किल से यहां के ग्रामीणों को चारागाह में समतलीकरण का काम मिला था। जबकि दूसरे गांवों में नियमित रूप से ग्रामीणों को मनरेगा के तहत रोजगार मुहय्या कराया जा रहा है। मगर बहेराडीह के ग्रामीण विगत कई सालों से आश्रित ग्राम का दंश झेलते आ रहे हैं।

शिवरीनारायण में राम वन गमन पथ परियोजना का काम पूरा, 10 को सीएम करेंगे लोकार्पण

■ **8 अप्रैल से शुरू हो जाएगा समारोह, अनूप जलोटा व अनुराधा पौडवाल देंगे प्रस्तुति**

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वन गमन पथ परियोजना के तहत शिवरीनारायण में विकास कार्य पूरा हो गया है। इन विकास कार्यों का लोकार्पण 8 अप्रैल से शुरू हो रहे लोकार्पण समारोह के अंतिम दिन 10 अप्रैल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया जाएगा। शिवरीनारायण राम वन गमन पथ परियोजना के पहले चरण में चिन्हित उन स्थानों में शामिल है, जिन्हें पर्यटन-तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक और प्राकृतिक धरोहरों के साथ ही गौरवशाली प्राचीन लोक संस्कृति का भी अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। छत्तीसगढ़ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का ननिहाल और उनकी कर्मभूमि भी है। 14 वर्षों के कठिन वनवास काल में श्रीराम ने अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया था। माता कौशल्या की जन्म भूमि होने के कारण छत्तीसगढ़ में श्री राम को भांजे के रूप में पूजा जाता है। छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक धरोहरों, परंपराओं और रामायण कालीन अवशेषों को सहेजने और संवारने के उद्देश्य से राज्य में चिन्हांकित 75 स्थलों में से प्रथम चरण में 9 स्थानों पर राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत अधोसंरचना विकास कार्यों, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में पिछले वर्ष राम नवमी के अवसर पर माता कौशल्या मंदिर परिसरों चंदखुरी का लोकार्पण किया गया था।

3 दिनों तक होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर 10 अप्रैल को शिवरीनारायण धाम, विष्णु कांक्षी तीर्थ में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जा रहा है। 8, 9 और 10 अप्रैल को तीन दिवसीय भव्य आयोजन में देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही प्रदेश स्तर पर रामायण मंडलियों की मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 7 हजार मानस गायकों ने भाग लिया है। इनमें से चयनित 25 जिलों की मानस मंडलियों के लगभग 350 कलाकार शिवरीनारायण में 8,9 और 10 अप्रैल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 10 अप्रैल को विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे और प्रथम स्थान प्राप्त विजेता दल की प्रस्तुति भी होगी। तीन दिवसीय इस आयोजन में पद्मश्री ममता चंद्राकर, पद्मश्री अनूप जलोटा, जसगीत गायक दिलीप षडंगी, मुंबई की पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल तथा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के भूतपूर्व छात्र छात्राओं के द्वारा शबरी के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी।

गेंदे की खेती कर किसान हो सकते हैं मालामाल मोहन ने गेंदे की खेती से कमाए 1 लाख रुपए

■ **उद्यान विभाग की योजना का लाभ लेकर नवाचारी किसान कर सकते हैं गेंदे की खेती**

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। फसल चक्र परिवर्तन की बात तो सभी करते है लेकिन किसानों के लिए कौन सी फसल फायदेमंद हो सकती है इसके बारे में कम ही लोग सोचते है। जांजगीर चाम्पा जिले के लछनपुर गांव मे गेंदे की फसल लेने वाला एक किसान मोहन लाल सतनामी के नवाचार की चर्चा पूरे जिले में है जिसने उद्यान विभाग की राष्ट्रीय कृषि योजना का लाभ लेकर अपनी खेत में धान की फसल के बजाए गेंदे की फसल ली। लछनपुर के किसान से बात करने पर पता चला कि उनकी खेतों में पैदावार कम होता है जिसके कारण धान आदि की फसल लेने से उनको काफी आर्थिक नुकसान हुआ। उद्यान विभाग की सलाह से उसने गेंदे के फूलों की फसल लगाकर फूलों की खेती की जिससे उसको बहुत लाभ मिला। जाहिर है त्यौहारी समय मे जहां नवरात्र त्यौहार की धूम अपने चरम पर है वहीं गेंदे के फूलों की भी बिक्री बढ़ जाती है जिससे किसानों को अधिक लाभ होता है।

किस माह में करें गेंदे के फूलों की खेती

उद्यान विभाग की सहायक संचालक रंजना माखीजा ने बताया की गेंदे की खेती के लिए अप्रैल मई और उसके बाद अगस्त सितम्बर का माह ठीक रहता है जिसमें किसान खेतों को अच्छी तरह जोताई करके फूलों के बीज का रोपण करता है ।इसके लिए किसानों को आवश्यक जानकारी व सलाह सरकारी उद्यान विभाग से दिया जाता है। लछनपुर का नवाचारी किसान मोहनलाल सतनामी ने गेंदे की खेती कर खर्च काटकर एक लाख रूपए से अधिक के फूलों की बिक्री की है जिससे नवाचारी किसान खुश है। नवाचारी किसान ने बताया की जन्मोत्सव विवाह या किसी भी समारोह मे गेंदे के फूलों की मांग सर्वाधिक रहती है। लोग गेंदे के फूलों को लेने और खरीदने के लिए खेतों तक पहुंच जाते हैं जिससे बिक्री आच्छी हो जाती है।

आईपीएल में सट्टा लगाने वाले खाईवाल समेत 5 गिरफ्तार, 16 लाख की सामग्री जब्त

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर में आईपीएल मैचों के दौरान ऑनलाइन खेलाने वाले खाईवाल समेत 5 लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए सटोरियों से नकदी, कार व मोबाइल समेत कुल 16 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है। कार्रवाई कांकेर पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की। जानकारी के मुताबिक, मुखबीर से सूचना मिली कि अक्षय असरानी सांई कृपा डेली निड्स दुकान के सामने बैठकर आईपीएल मैच में सट्टा खेला रहा है। जिस पर कांकेर पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी अक्षय असरानी पिता खीयल दास असरानी 21 वर्ष मांझापारा कांकेर को पकड़ कर थाने ले आयी। पूछताछ में ऑनलाइन एप और ऑनलाइन आईडी के माध्यम से आईपीएल मैचों में सट्टा खेलाना स्वीकार किया। इस दौरान यह भी बताया कि मनीष असरानी निवासी माझापारा कांकेर एवं नितिन वर्त्यानी निवासी धमतरी द्वारा उसे ऑनलाइन आईडी उपलब्ध कराया गया है जिस पर वाट्सअप माध्यम से बताये अनुसार लोगों से पैसे का लेन देन कर दाव लगाता है और आरोपी मनीष असरानी एवं नितिन वर्त्यानी के द्वारा उपलब्ध कराये गये विभिन्न बैंक खाते में लोगों मिले सट्टे के पैसे को भेज दिया करता है। जो लोग नकदी लेनदेन करते हैं उनसे कैश डिपॉजिट मशीन के माध्यम से डाल देता है। पुलिस ने आरोपी अक्षय के कब्जे से नकदी 10 हजार रुपए, 2 मोबाइल फोन बरामद हुआ जिसमें ऑनलाईन आईपीएल आईडी होना पाया गया तथा व्हाट्सएप में विभिन्न लोगों से आईपीएल सट्टा का लेनदेन होने की पुष्टि हुई तथा फोन पे गूगल पे के माध्यम से पैसों का ट्रांसफर होना भी पाया गया जिसे जब्त कर आरोपी अक्षय असरानी, मनीष असरानी नितिन वर्त्यानी के खिलाफ धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अक्षय असरानी को मौके पर गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी मनीष आसरानी पिता सुंदर आसरानी निवासी कांकेर की पतासाजी उपनिरीक्षक उत्तम तिवारी व थाना सायबर सेल द्वारा किया गया।

खातों को होल्ड करने लिखा पत्र

आरोपी नितिन वर्त्यानी निवासी धमतरी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना हुई है। गिरफ्तार आरोपी 10 से अधिक अलग-अलग बैंक खातों का उपयोग कर सट्टे का लेनदेन करते थे जिनके खातों की जानकारी एकत्र किया जा रहा है। खातों की राशि में होल्ड लगाने के लिए प्रतिवेदन भी भेजा गया है। गिरफ्तार पांचों आरोपियों के कब्जे से कुल 17 हजार रुपए नकदी रकम सहित कुल 07 मोबाइल तथा घूम घूम कर सट्टा का कारोबार करने में प्रयुक्त होन्डा कार भी जब्त किया है। आरोपियों के कब्जे से जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत कुल 16 लाख रुपए है।

कार में खेला रहे सट्टा

पुलिस को पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी मनीष असरानी काले रंग के होन्डा कार में कांकेर के आसपास घूम-घूम कर आइपीएल सट्टा का कारोबार कर रहा है। जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया। उसके कब्जे से 5 हजार रुपए नकदी 2 मोबाइल बरामद हुआ ऑनलाइन एप और ऑनलाइन आईडी के माध्यम से आईपीएल सट्टा का 50 लाख से अधिक का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। आरोपी के कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। वहीं हर्ष हिरदानी पिता रघु हिरदानी निवासी अन्नपूर्णा पारा कांकेर से 700 रुपए नकदी मोबाइल फोन, आरोपी गौरव हिरदानी पिता रघु हिरदानी निवासी अन्नपूर्णा पारा कांकेर से 600 रुपए नकदी व मोबाइल, आरोपी नीतीश यादव पिता स्वर्गीय महादेव यादव निवासी माझा पारा से एक मोबाइल एवं 600 रुपए नकदी बरामद हुआ। सभी आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग केस दर्ज किया गया।

टिफिन आईईडी बम के साथ नक्सली गिरफ्तार

सुकमा/नवप्रदेश। पुलिस को टिफिन आईईडी बम के साथ एक नक्सली को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर सिंदूरगुड़ा निवासी मीडियम कामाराजू अपने घर में पैराबाड़ी में टिफिन बम छुपाकर रखा था जिसके बाद कोबरा के 208वी वाहिनी व सीआरपीएफ217वी वाहिनी की संयुक्त कार्यवाही से गांव की घेराबंदी कर विस्फोटक सामग्री के साथ नक्सली सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। मामला किस्टाराम थाना क्षेत्र में धारा 4 (ख) 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही के लिए न्यायालय सुकमा के समक्ष पेश किया गया।

राम वन गमन पर्यटन विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छग शासन ने कोरिया जिले के भरतपुर विकासखण्ड में राम वन गमन पर्यटन विकास के अंतर्गत सीतामढ़ी हरचौका में विभिन्न विकास कार्यों के लिए तीन करोड़ 84 लाख दो हजार रूपए स्वीकृत किए है। स्वीकृत कार्यों में सीतामढ़ी के पास घाट पर कियोस्ट निर्माण कार्य के लिए 66 लाख 21 हजार रूपए, सीतामढ़ी के पास बैठने की जगह और घाट के आस-पास पैदल मार्ग के साथ गजेबी निर्माण कार्य हेतु एक करोड़ 42 लाख सात हजार रूपए एवं घाट विकास कार्य हेतु एक करोड़ 75 लाख 74 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सीतामढ़ी हरचौका में पर्यटन विकास कार्यों को पूर्ण कराने मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। योजना का कार्य स्वीकृत राशि एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है।

मंत्री टीएस सिंहदेव आज रायपुर लौटेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव तीन दिवसीय मुम्बई प्रवास के बाद 5 अप्रैल को रायपुर लौटेंगे। वे 5 अप्रैल को शाम 5:10 बजे नियमित विमान से मुम्बई से रायपुर के लिए रवाना होंगे। वे शाम 07:10 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

डॉ. हरवंश सिंह जज दंत चिकित्सा संस्थान के व्हाइट कोट सेरेमनी में शामिल हुईं राज्यपाल

■ **विद्यार्थियों को व्हाईट कोट प्रदाय कर दायित्वों के निर्वहन के लिए राज्यपाल ने दी सीख**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल अनुसुईया उइके सोमवार को चंडीगढ़ में पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित डॉ. हरवंश सिंह जज दंत चिकित्सा संस्थान में बीडीएस के प्रथम वर्ष में प्रवेश कर रहे विद्यार्थियों के 'व्हाईट कोट सेरेमनी' में शामिल हुई। राज्यपाल उइके सह अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। राज्यपाल ने इस दौरान संस्थान में प्रवेश कर रहे विद्यार्थियों को व्हाईट कोट प्रदाय किया और उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर ढंग से अध्ययन कर मानवता की सेवा के लिए कार्य करने को कहा। उल्लेखनीय है कि पंजाब विश्वविद्यालय सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक है, जिसकी स्थापना 1882 में लाहौर में हुई थी। इसके अंतर्गत लगभग 200 महाविद्यालय संचालित हैं।

स्वागत समारोह छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाएगा

राज्यपाल ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए दो समय अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। एक वह समय जब विद्यार्थी अपने सपनों को पूरा करने के लिए संस्थान में प्रवेश लेते हैं और दूसरा अध्ययन उपरांत अर्जित शिक्षा के व्यावहारिक उपयोग हेतु संस्थान से विदा लेते हैं। मेरा मानना है कि जिस परिसर में युवा अपने सपनों को गढ़ते हैं, वहां उनका स्वागत होना ही चाहिए। यह स्वागत समारोह निश्चित ही विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ायेगा और उनका उत्साहवर्धन करेगा। उन्होंने कहा कि यह स्वर्णिम समय, दंत चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों में अपने पेशे की संवेदनशीलता और दायित्व का बोध कराएगा। यह व्हाईट कोट सेरेमनी संस्थान की स्थापना के उद्देश्यों के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, शोध, मरीजों की सेवा एवं देखभाल के अपने सिद्धांतों को सतत् रूप से जारी रखने पर बल देगा। दंत चिकित्सा के विद्यार्थी लोगों को एक स्वस्थ मुस्कान देने का काम करते हैं। चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की तरह दंत चिकित्सा का अपना विशेष महत्व है।

अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें

राज्यपाल सुश्री उइके ने 'व्हाईट कोट सेरेमनी' को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको जो कोट मिला है, उसका विशेष महत्व है। यह कोट आमजनों के बीच आपको एक विशिष्ट पहचान देने के साथ ही विश्वास का परिचायक है। आप सभी इस कोट की गरिमा को बनाए रखें और अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि चिकित्सा संस्थान के विद्यार्थियों के लिए 'व्हाईट कोट सेरेमनी' एक स्वर्णिम अवसर है, जिससे संस्थान में प्रवेश ले रहे विद्यार्थियों को अपने प्राध्यापकों और संस्थान के बारे में जानकारी मिलती है। जो आपके महाविद्यालयीन तथा शैक्षणिक अनुभव को बेहतर बनाता है। उन्होंने इस मौके पर प्रवेश प्राप्त कर रहे सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लोगों को जागरूक करने की जरूरत

शरीर के अन्य अंगों के साथ-साथ दांतों की भी विशेष देखभाल के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। चिकित्सकीय पेशे में सेवा भावना ही मूल है। आप सभी को संवेदनशील होकर मरीजों की सेवा करनी होगी। मरीज बड़ी उम्मीद से आपके पास आएंगे। आपकी कोशिश होनी चाहिए कि उनकी समस्याओं को दूर कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दें। कोविड के कठिन दौर में चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत लोगों ने मानवता की सेवा कर जो मिसाल कायम की है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। आप सभी युवा विद्यार्थियों का इसे पेशे के रूप में चुनना एक महत्वपूर्ण फैसला है। जो आपको विशेष अनुभव के साथ-साथ आत्मसंतुष्टि भी देगा। सेवा का यह क्षेत्र न केवल प्रतिष्ठित है, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण में भूमिका निभाएगा।